श्रावण शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 46 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
05 अगस्त 2024 सोमवार

**आज का मौसम**
31 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो





## उज्जैन में डमरू उत्सव, गिनीज बुक टीम की मौजूदगी में 1500 वादकों ने एक साथ बजाया डमरू, बना विश्व रेकार्ड

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

आज सावन के तीसरे सोमवार को उज्जैन शिवमय है। महाकाल मंदिर में भक्तों की कतारें हैं। शाम 4 बजे राजाधिराज महाकाल प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। उनकी सवारी में महाकाल चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर, तो हाथी पर मनमहेश के स्वरूप में विराजित होंगे। उज्जैन में सवारी से पहले दोपहर शक्ति पथ पर 1500 डमरू वादक एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाकर विश्व रिकॉर्ड बना दिया। इसके लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम को बुलाया गया था। समारोह में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी शामिल रहे। गिनीज बुक से आए ऋषिनाथ ने इसका सर्टिफिकेट सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय और संतों को सौंपा। इसके बाद सवारी में महाकाल मंदिर से शिप्रा तक चलेंगे। तडके भस्म आरती के 15 हजार से अधिक श्रद्धालु ने दर्शन किए। मंदिर में बाबा के दर्शन का सिलसिला रात 10.30 बजे तक चलेगा। उधर खंडवा के ओंकारेश्वर में भी रात से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो चुका था। भोपाल के भोजपुर, बड़वाले महादेव और गुफा मंदिर में भी पूजा-अर्चना की जा रही है।






### मचा कोहराम, सेंसेक्स 2600 अंक फिसला, निफ्टी 500 अंक फिसला

# ताश के पत्तों की तरह ढहा शेयर बाजार

## 17 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

**मुंबई, एजेंसी।**

लंबे समय से लगातार उंचाई पर चल रहे भारतीय शेयर बाजार पर आज मंदी की ऐसी छाया पडी कि बाजार में सोमवार सुबह से कोहराम मचा हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स करीब 2400 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 80,000 के नीचे पहुंच गया, है तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी करीब 500 अंक बिखर चुका है। इस बड़ी गिरावट के बीच मिनटों में ही शेयर बाजार निवेशकों के लगभग 10 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए हैं। दरअसल आज कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच शेयर बाजार बुरी तरह टूटकर ही ओपन हुआ था। अमेरिकी मंदी की आहट से बेचैनी साफ नजर आ रही थी। मार्केट ओपन होने के साथ जहां 2368 शेयरों में तेज गिरावट दर्ज की गई, तो वहीं करीब 442 शेयरों में तेजी देखने को मिली। बाजार के दोनों इंडेक्स में ये शुरुआती गिरावट कुछ ही मिनटों में और बढ़ती गई। सुबह 9.20 बजे पर ही सेंसेक्स 1,585.81 अंक या 1.96 प्रतिशत की गिरावट लेकर 79,396.14 के लेवल पर आ चुका था।



### धड़ाम हो गए 10 शेयर

लार्जकैप कंपनियों में शामिल टाटा मोटर्स का शेयर करीब पांच फीसद गिरावट के साथ 1050 रुपये के लेवल पर आ गया, तो वहीं टेक महिंद्रा 3.17 प्रतिशत गिरा। टाटा स्टील भी बुरी तरह टूटा और ये 3.89 प्रतिशत कि फिसला। स्मालकैप कंपनियों की कैटेगरी में शामिल कई कंपनियों के शेयर भी फिसले हैं।

### एक झटके में डूब गई रकम

शेयर बाजार में आई इस गिरावट के चलते शेयर बाजार में निवेश करने वालों को तगड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। शुक्रवार को बाजार टूटने से जहां इन्वेस्टर्स को करीब 4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था, तो आज महज कुछ ही मिनटों में निवेशकों के लगभग 17 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए हैं। शुक्रवार को जब मार्केट क्लोज हुआ था तो ये 457.16 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन सेंसेक्स के टूटने पर बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन एक झटके में घटकर 446.92 लाख करोड़ रुपये रह गया।

### अमेरिका में ऐसा क्या हुआ?

दरअसल, अमेरिका में मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई डाटा में बड़ी कमी आई है, जो संकेत दे रहा है अमेरिका में मंदी आ सकती है। बेरोजगारों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी भी हुई है, जिसका असर सीधे अमेरिकी बाजार पर पड़ा है। वहीं आईटी सेक्टर में छंटनी के ऐलान से भी संकट और गहरा गया है, जिससे ग्लोबल आईटी सेक्टर भी भारी दबाव में है।

**जापान का निक्केई टूटा, कोरिया कोस्पी भी टूटा :** एशियाई बाजार में आज गिरावट के दौर में जापान का निक्केई इंडेक्स 12.40 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। कोरिया का कोस्पी इंडेक्स भी 8 प्रतिशत नीचे है। वहीं हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 2.20 प्रतिशत की गिरावट है। चीन के शंघाई कंपोजिट में भी 1.27 प्रतिशत की गिरावट है। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार डाओ जोन्स 1.51 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ था।

**ईरान-इजराइल युद्ध की आशंका, इसलिए गिरा बाजार: ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। इसी का असर भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिल रहा है। अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है, जिसके कारण पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। इसका असर दुनियाभर के बाजारों में दिख रहा है। वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर है। वे ने एपल में अपनी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। वे अब कैश बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। अन्य बड़े निवेशक भी सेलिंग कर रहे हैं।**

### सागर दीवार हादसे में आयोजकों पर मामला दर्ज

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के शाहपुर में शिवलिंग निर्माण और कथा के दौरान दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत के मामले में पुलिस प्रशासन ने तीन लोगों को प्रथम दृष्टया आरोपी बनाया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इनमें धार्मिक आयोजन के मु य आयोजनकर्ता संजू पटेल, उसके सह आयोजक शिव उर्फ सेव पटेल और मकान मालिक मुलु पटेल शामिल हैं। इनके विरुद्ध धारा 105 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। तीनों आरोपियों पर पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उधर, हादसे के पीडित बच्चों के उपचार में विलंब होने की शिकायत पर संभाग आयुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के मेडिकल ऑफिसर डॉ हरिओम बंसल एवं मु य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील जैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

### बांग्लादेश में 300 मौत देशभर में लगा कर्फ्यू

**ढाका ।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। यहां रविवार शाम छह बजे कर्फ्यू लगा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार,



अब तक हिंसा में कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारी आज देशव्यापी कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए ढाका तक लांग मार्च का आयोजन कर रहे हैं। बांग्लादेश में जारी हिंसा में 14 पुलिसकर्मियों समेत 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। वहीं, सैकड़ों घायल हुए हैं। इस बीच बांग्लादेश में तीन दिन के अवकाश का भी एलान कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी छात्र लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैं।

### केजरीवाल को झटका, एल्डरमैन की नियुक्ति कर सकेंगे एलजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार को बड़ा झटका मिला है। अदालत ने एमसीडी में 'एल्डरमैन' नियुक्ति को लेकर एलजी को राहत देते हुए कहा है कि एलजी 'एल्डरमैन' की नियुक्ति कर सकते हैं।



दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल के एक फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि उपराज्यपाल सरकार की सलाह के बिना एल्डरमैन की नियुक्ति कर सकते हैं। 93 के एक्ट में उपराज्यपाल को यह अधिकार है। इसके लिए दिल्ली सरकार के सलाह की आवश्यकता नहीं है। एलजी को विधाई अधिकार एमसीडी एक्ट से मिले हैं। ये अधिकार एक्जीक्यूटिव अधिकार नहीं कि सलाह लेने की जरूरत पड़े। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस जे बी पारदीवाला की बेंच ने की थी। तब सरकार की ओर से कहा गया था कि एलजी को एमसीडी में पार्षदों को नामित करने का अधिकार देने का मतलब है कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं।

### कांग्रेस ने ओबीसी के मुद्दे पर लोकसभा में पेश किया स्थगन प्रस्ताव

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी को प्रभावित करने वाले मुद्दे को लेकर लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव देते हुए कहा है कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर अविलंब चर्चा की जानी चाहिए। स्थगन प्रस्ताव लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिक्कम टैगोर ने दिया है। उन्होंने कहा है कि वह पिछड़ी जाति के युवाओं को नौकरियों में अवसर को लेकर एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव दे रहे हैं और सदन के सारे कार्यों को रोक कर इस मुद्दे पर सदन में चर्चा की जानी चाहिए। श्री टैगोर ने कहा 'ओबीसी समुदाय को प्रभावित करने वाले एक गंभीर मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने के लिए'यह स्थगन प्रस्ताव लोकसभा में पेश कर रहा हूँ।' उन्होंने स्थगन प्रस्ताव के जरिए मांग की है कि वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों को देखते हुए पिछड़े वर्ग के लोगों की आय के लिए तय मानकों में संशोधन किया जाना चाहिए।

### आज पदक की उम्मीद में भारत

**पेरिस, एजेंसी।**

ओलंपिक में आज भारत को एक और पदक मिल सकता है। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन आज कांस्य पदक के लिए मलेशिया के ली जी जिया से शाम 6 बजे भिडेंगे।




स्टीपलचेज प्रतियोगिता में आज अविनाश साबले दम दिखाएंगे। साबले बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक विजेता है। नेत्रा कुमानन महिला डिंगी स्टैंडिंग प्रतियोगिता में उतरेंगी। पदक की रेस में जगह बनाए रखने के लिए उन्हें अंतिम दो रेसों में दो बार शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। वहीं, पुरुष डिंगी प्रतियोगिता में विष्णु सरवनन खेलेंगे। भारतीय पहलवान भी अभियान की शुरुआत करेंगे। महिलाओं के 68 किलो भार वर्ग में निशा दहिया का मुकाबला यूक्रेन की तेतियाना एस रिजखो से होगा।

### डेथ चैंबर बन गए हैं कोचिंग सेंटर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली में बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज तल्ख टिप्पणी की। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अधिकांश कोचिंग सेंटर्स में छात्रों की सुरक्षा के कोई उपाय नहीं हैं। कोचिंग सेंटर्स डेथ चैंबर बन गए हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और एमसीडी को नोटिस जारी दिया। कोर्ट ने कोचिंग सेंटर एसोसिएशन पर जुर्माना भी लगाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यदि कोचिंग सेंटर छात्रों की सेफ्टी नहीं कर सकते हैं, तो ऑनलाइन क्लासेस लगाएं। , सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानदंडों से संबंधित मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने कोचिंग संस्थानों में छात्रों की मौत की हालिया घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। केंद्र, दिल्ली सरकार और




एमसीडी से जवाब दाखिल कर यह बताने को कहा कि अब तक कौन से सुरक्षा मापदंड निर्धारित किए गए हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता कोचिंग सेंटर फेडरेशन पर एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है.सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटरों में क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए है? सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में कोर्ट की सहायता करने को कहा है. कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नही करते तो इनको ऑन लाइन मोड में कर दिया जाना चाहिए। लेकिन फिलहाल हम ये नहीं कर रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### वक्फ संपत्तियों को लेकर संशोधन विधेयक के आसार...

## 10 लाख एकड़ में फैली संपत्तियों पर नई बहस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

वक्फ बोर्ड को लेकर देशभर में चर्चा छिड़ गई है। कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि मोदी सरकार संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल आने जा रही है। इसके जरिए वक्फ की जमीनों पर मालिकाना हक में बदलाव किया जाएगा साथ ही वक्फ बोर्ड में महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। हालांकि अब तक सरकार की ओर से बिल पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लिहाजा आज दिन अहम है, क्योंकि संसद का मॉनसून सत्र चल रहा है। सरकार बिल पेश कर सकती है। केंद्र सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में संशोधन की अटकलों के बीच भाजपा ने कहा कि वक्फ की संपत्तियों में कई अनियमितताएं हैं, जिन्हें सरकार दूर करना चाहती है। रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अधिनियम में लगभग 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी है, जिसे वक्फ बोर्ड की शक्तियों को फिर से परिभाषित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार वक्फ़ बोर्ड की किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' बनाने की शक्तियों पर अंकुश लगाना चाहती है। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार वक्फ़ बोर्डों द्वारा संपत्तियों पर किए गए दावों का अनिवार्य रूप से सत्यापन किया जाएगा। सरकार के इस संभावित कदम का मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने विरोध किया है और कहा है कि वक्फ बोर्ड की कानूनी स्थिति और शक्तियों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### वक्फ क्या है

'वक्फ' अरबी भाषा के 'वकुफा' शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना। वक्फ का मतलब, दरअसल उन संपत्तियों से है जो इस्लामी कानून के तहत विशेष रूप से धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित हैं। इस्लाम में ये एक तरह का धर्मार्थ बंदोबस्त है। वक्फ उस जायदाद को कहते हैं, जो इस्लाम को मानने वाले दान करते हैं। ये चल-अचल दोनों तरह की हो सकती है, ये वक्फ बोर्ड के तहत आती है। संबंधित संपत्ति का स्वामित्व बदलते ही यह अपरिवर्तनीय हो जाता है।

**15 साल में हो गई दोगुनी संपत्तिः** कहा जाता है कि मूल रूप से वक्फ के पास पूरे भारत में लगभग 52,000 संपत्तियां थीं। मगर बीते डेढ दशक में यह दोगुनी हो गई। वर्तमान में वक्फ बोर्डों के पास करीब 9 लाख 40 हजार एकड़ में फैली करीब 8 लाख 72 हजार 321 अचल संपत्तियां हैं। चल संपत्ति 16,713 है। जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# सिंधी कॉलोनी के साथ अशोका गार्डन में बाढ़ जैसे हालात












भोपाल। राजधानी में हो रही तेज बारिश के बाद पूरे शहर में बस्तियों की सड़कों पर पानी भर गया। वहीं कई मुख्य सड़क भी पानी में डूबी रहीं। अशोक गार्डन, 80 फीट रोड से सेमरा जाने वाली मेन रोड व भारत टॉकीज पर गड्ढों में तब्दील हो गई है। इस गड्ढों वाली सड़क पर पानी भरने से दिनभर लोग परेशान होते रहे। इसमें बारिश का पानी भरने से दिनभर वाहन चालक परेशान होते रहे। जब भी बारिश होती है तो कुछ ही देर में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जाता है।

### जीआईएस लैब बनाने की कवायद तेज

# राजधानी के अतिक्रमण पर नजर रखेंगे ड्रोन-सेटेलाइट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब राजधानी भोपाल में तमाम अवैध और वैध निर्माणों, अतिक्रमणों की जानकारी एक क्लिक पर मिलेगी। इसके लिये नगरीय विकास एवं आवास संचालनालय ने भोपाल में जीआईएस लैब की स्थापना के लिए टेंडर फाइनल कर दिए हैं। लैब बनने के बाद ड्रोन और सैटेलाइट की मदद से शहरी क्षेत्रों पर नजर रखी जा सकेगी। हालांकि इसके अमल में अभी करीब छह महीने लग सकते है लेकिन इस दिशा में मशक्कत तेजी से जारी है।

अभी कोई एजेंसी सर्वे करती है तो महीनों लगते हैं इसमें भी कई तरह की विसंगतियों की आशंका होती है। लिहाजा नयी योजना यह है कि लैब में मप्र के सभी शहरी क्षेत्रों का पूरा डेटाबेस आनलाइन उपलब्ध होगा। सैटेलाइट या ड्रोन इमेज से अपडेट भी मिलते रहेंगे। एक क्लिक पर डेटा उपलब्ध होगा। पीएम गति शक्ति से डेटा अन्य सरकारी एजेंसियों से साझा करना आसान होगा। जानकारों का मानना है कि इसके नये प्रयोग के चलते शहर में कहीं भी अवैध निर्माण होता है या बिल्डिंग परमिशन के अलावा अतिरिक्त निर्माण होता है तो संबंधित नगर निगम या नगर पालिका को अलर्ट मिलेगा। इसके बाद आयुक्त या सीएमओ संबंधित जगह पर अपनी टीम भेजकर जांच करा सकेंगे। यदि नालों या सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हुआ तो भी अलर्ट मिलेगा। अभी आलम यह है कि अतिक्रमण से या तो अमला अनजान होता है या जानबूझकर इनकी तरफ नजरें नहीं डालता। लैब का निर्माण करीब एक साल में पूरा होगा और इस पर तेरह करोड़ से ज्यादा खर्च का अनुमान है। इसका फायदा यह होगा कि अब तक महीनों में होने वाला सर्वे मिनटों में होगा निकायों को लैब बनने के बाद सभी शहरी क्षेत्रों का पूरा नक्शा ऑनलाइन उपलब्ध होगा। सीवर लाइन, सड़क, सरकारी जमीन, निजी जमीन आदि की जानकारी ऑनलाइन होगी। इतना ही नहीं बल्कि संपत्ति स्वामी को ~अपने बकाया टैक्स, बिल्डिंग परमिशन आदि की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। संपत्ति खरीदने से पहले भी इनकी जानकारी ली जा सकेगी। जानकारों का कहना है कि इसकी शुरुआत भोपाल के साथ इंदौर से की जा सकती है।



एक क्लिक पर मिलेगी इलाकों की कुंडली

# जहां पेड़ काटने की बात हुई, वहीं से पेड़ लगाने का अभियान शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हरियाली अमावस्या के पर्व पर पेड़ लगाने का अभियान शिवाजी नगर के दशहरा मैदान में रहवासियों द्वारा शुरू किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों शिवाजी नगर में मंत्री व विधायकों के आवास के निर्माण के लिए पेड़ काटे जाने का आदेश हुआ था,बाद में रहवासियों के विरोध के बाद आदेश को निरस्त किया गया। अब इस पेड़ लगाने के अभियान में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री पीसी शर्माजी, पर्यावरण मैत्री पाण्डेय, क्षेत्रीय पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान , योगेश सराठे, खालिद खान एवम रहवासी उपस्थित रहे एवम पेड़ लगाने के अभियान का शुभारंभ किया गया।

उल्लेखनीय है कि शिवाजी नगर में स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर सरकार को नागरिकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था।



# भोपाल से रामगंजमंडी रेल लाइन का काम तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जल्द ही भोपाल से रामगंजमंडी रेलमार्ग पर आवागमन की सुविधा मिलने के आसार हैं। क्योंकि यहां निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। भोपाल-रामगंजमंडी रूट पर ट्रेन शुरू होने से मप्र और राजस्थान के बीच का सफर काफी आसान होगा। इससे भोपाल, सीहोर और राजगढ़ के साथ राजस्थान के कोटा और झालावाड़ जिले को सीधा लाभ मिलेगा। 276 किमी लंबे रेल मार्ग है। रामगंजमंडी रेल लाइन पर दिवाली के बाद ट्रेनों का संचालन किया जा सकता है। यह प्रोजेक्ट 2004 से चल रहा था, जो अब जाकर पूरा होने वाला है। वहीं, रेल प्रशासन इस रेलमार्ग को पूरा करने की तैयारियों में जुटा है। अभीसंत हिरदाराम नगर से भोपाल तक 10 किमी में ट्रेन संचालित हो रही है। संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन से कुरावर के बीच काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं, झरखेड़ा तक काम पूरा हो गया है। संत हिरदाराम से श्यामपुर, कुरावर तक काम हो रहा है। इसके अलावा कुरावर से ब्यावरा, राजगढ़ के बीच काम चल रहा है, जल्द ही काम पूरा हो जाएगा। जिससे ट्रेनों को गति मिले, साथ ही समय की भी बचत हो।



## बम-बम भोले.....



शिव लहरी काली मंदिर संतनगर में पर्थिव शिवलिंग का निर्माण का दिव्य एव भव्य महोत्सव कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य रूप यजमान हीरो हिंदू, शीला राजपूत, पुष्पा मोत्यानी, पूनम यादव, अनीता, पुष्पा दीक्षित, कमलेश श्रीवास्तव, पूनम यादव, भारती मूलचंदानी, अशोक तनवानी, प्रभुदास मूलचंदानी, राजकुमार दादवानी, नानक दादलानी, रवि लालवानी मधु घनशानी पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया।

## दादा वासवानी को याद किया समाजसेवियों, चिकित्सकों ने

**हिरदाराम नगर।** सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में शुक्रवार को विश्व क्षमा दिवस मनाया गया। कर्मचारियों ने दो मिनिट का मौन रखकर समाजसेवी और संत दादा जे.पी. वासवानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि हर साल दो अगस्त को दादा जे.पी. वासवानी का जन्मदिवस विश्व क्षमा दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्षमा दिवस पर साधू वासवानी मिशन पुणे, समाज के सभी वर्गों के लोगों तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के लोगों से अपेक्षा करता है कि वे इस दिन को क्षमा दिवस के रूप में मनाएं। वर्ष भर में जाने अनजाने किसी व्यक्ति को परस्पर व्यवहार में दुख पहुंचा हो तो वे एक-दूसरे को माफ कर दें।

# चालीहा की साधना में सिंधी समाज लीन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी समाज भगवान श्री झूलेलालजी की विशेष पूजा अर्चना का पर्व चलीहा परंपरागत तरीके से मना रहा है। समाज के लोग दुनिया में खुशहाली और मानव कल्याण की कामना के लिए 40 दिनी व्रत कर रहे हैं। संतनगर में चार स्थानों पर चालीहा में सुबह-शाम, आरती, भजन-कीर्तन चले रहे हैं। श्री झूलेलाल चालीहा साहिब महोत्सव के 19वें दिन आरती में वेदांत संत लाल साईं शामिल हुए। साई ने कहा कि चालीहा साहिब के जिसने भी उपवास रखे हैं भगवान झूलेलाल जी उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करेंगे यह मेरा विश्वास है। बता दे चालीहा कार्यक्रम 16 जुलाई से आरंभ हुआ है इसका प्रतिदिन शाम को 6 बजे बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्वलित कर भजन, कीर्तन व 8 बजे पल्लव प्रसाद एवं सांई जी के भजनों पर नृत्य किया गया एवं प्रार्थना के बाद बहिराणा साहिब की ज्योत शीतलदास की बगिया कमला पार्क में विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में संत लाल साईं का आयोजन समिति के प्रमुख पुरुषोत्तम हरचंदानी ने हार फूल, शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। न्यू बी 10 स्थित चालीहा साहब मंदिर में भी चालीहा का पर्व मनाया जा रहा है। व्रतधारी सुबह-शाम विशेष पूजा अर्चना कर भगवान झूलेलालजी से सभी के कल्याण की कामना कर रहे हैं। भजन-कीर्तन, पल्लव और सुखो सेसा के आयोजन हो रहे हैं। नेहरू पार्क स्थित झूलेलाल मंदिर और थाने के सामने प्राचीन झूलेलाल मंदिर में भी चालीहा के आयोजन हो रहे हैं।



**मेट्रो एंकर** | 14 अगस्त को कर्मश्री संस्था निकालेगी यात्रा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि

# अखंड भारत स्मृति दिवस पर विशाल तिरंगा यात्रा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कर्मश्री संस्था अखंड भारत स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकालेगी, जो हुजूर विधानसभा क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार से शुरू होगी, जिसका समापन संत हिरदाराम नगर में होगा।

यात्रा को लेकर रविवार को कर्मश्री प्रमुख और विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ी बैठक की, जिसमें यात्रा का रूपरेखा को रखा। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर-घर तिरंगा अभियान के तारतम्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष अखंड भारत के संकल्प के साथ 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है। पिछले वर्ष इस यात्रा में 25 हजार से अधिक नागरिकों से सहभागिता की थी। इस साल इससे डेढ़ गुना अधिक लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। रविवार हुई बैठक में लगभग 1500 कार्यकर्ताओं शामिल हुए।




## अखंड भारत की आवाज देश में गूंजेगी

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि 14 अगस्त 1947 तक भारत अपनी आजादी के उल्लास में डूबा था, लेकिन अगली ही सुबह वह अपने बंटवारे के क्षोभ में डूब गया। आजादी के इतने वर्षों बाद भी अखंड भारत की स्मृतियाँ आज भी हमें चैन से नहीं बैठने देती। इसलिए हर वर्ष 14 अगस्त को हम अखंड भारत स्मृति दिवस मनाते हैं। और केवल दिवस ही नहीं मनाते बल्कि कर्मश्री के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों के मन में अखंड भारत के संकल्प को और प्रबल करते हैं। इसी लक्ष्य के साथ हम पुनः 2024 की विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रहे हैं। इस बार यह यात्रा इतनी विशाल होगी कि भोपाल से निकली अखंड भारत की आवाज पूरे देश के दिलों में गूंजेगी।

## राष्ट्र उत्सव मनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। शर्मा ने हा कि मुखिया के नेतृत्व में राष्ट्र उत्सव को धूमधाम से मनाएंगे। देश के लिए देश भक्त अपनी जान तक दे देते हैं, हमे तो बस राष्ट्र जागरण के लिए जुटना है। यात्रा तो बस एक घंटे की है पर इसका संदेश बहुत बड़ा है इसलिए भोपाल के हर क्षेत्र के देश भक्तों को जोड़ना है। मेरा वादा है कि जिसके हाथ में तिरंगा होगा वो सदैव हमारा है, उसका हाथ और साथ हम कभी नहीं छोड़ेंगे। याद रखें हम मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च भले न न जा पाएं, कोई बात नहीं। पर तिरंगे को नमन करना नहीं भूलना है। जहां है जैसे हैं, वैसे ही तिरंगे का सम्मान करना है।

## सागर के शाहपुर में 9 बच्चों की मौत का मामला

# कलेक्टर-एसपी, संयुक्त कलेक्टर समेत 9 पर गिरी दीवार की गाज

### लापरवाही का आरोप, सीएम की हिदायत के बार भी की अनदेखी

### देर रात छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर को सागर का नया कलेक्टर और रायसेन एसपी विकास कुमार सहवाल को नया एसपीब बनाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सागर जिले के शाहपुर में 9 बच्चों की मौत पर सरकार ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर, एसपी, संयुक्त कलेक्टर समेत 7 अधिकारियों को हटा दिया। इनमें से तीन को निलंबित किया। इन सभी पर लापरवाही बरतने के आरोप है। वह भी तब जब सीएम डॉ. मोहन यादव बार–बार कह रहे थे कि बारिश का दौर जारी है, ऐसे में प्रत्येक क्षेत्रों में ध्यान रखें। जर्जर मकानों को तोड़ें और ऐसे मकानों के आसपास भीड़ बिल्कुल भी जमा न होने दें। तब भी सागर के जिम्मेदार अधिकारियों को ध्यान नहीं दिया और एक जर्जर मकान के पास दर्जनों बच्चों की भीड़ धार्मिक कार्यक्रम में जुटने दी। जिसके कारण हादसा हुआ।



### सरकार ने इन्हें हटाया–

कलेक्टर दीपक आर्य, एसपी अभिषेक तिवारी, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह, सागर एसडीएम को हटा दिया। जबकि शाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. हरिओम बंसल, नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ गुमास्ता और एक अन्य उपयंत्री को निलंबित किया है।

### संदीप जीआर व विकास कुमार सहवाल को दी जिम्मेदारी

अब सागर जिले की जिम्मेदारी छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर को दी। उन्हें जिले का नया कलेक्टर बनाया गया। रायसेन एसपी विकास कुमार सहवाल को जिले का एसपी बनाया गया। उधर जबकि छिंदवाड़ा जिला पंचायत सीईओ पार्थ जैसवाल को छतरपुर कलेक्टर बनाया है जबकि सागर कलेक्टर दीपक आर्य को वल्लभ भवन में उप सचिव बनाया है और एसपी अभिषेक तिवारी को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया है। वहीं रायसेन एसपी का अतिरिक्त प्रभार जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा है।

### सरकार का तर्क, इसलिए हटाया

उक्त जर्जर मकानों को चिन्हित करने के बावजूद नहीं गिराया गया। उसके नजदीक धार्मिक आयोजन होने दिया, वहां भीड़ जुटने दी। खासकर स्कूली बच्चों को आयोजकों ने शामिल कराया, लेकिन प्रशासन सोता रहा। तेज आवाज से धमक पैदा करने वाले डीजे चलाए गए। जिसे रोका नहीं गया। राहत और बचाव कार्य में भी देरी की। जिस अस्पताल में बच्चों को लेकर गए, वहां से डॉक्टर गायब थे। सरकार को समय पर हादसे की जानकारी नहीं दी।

## पंचायत और वार्ड में युंका का गठन होगा

# ‘युवा कांग्रेस आर्थिक संसाधन जुटाने सहयोग राशि एकत्र करे’



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

युवाओं की ताकत और सकारात्मक सोच ही उज्जवल भविष्य के प्रति आकर्षित बनाती है। प्रदेश में जो अराजकता का माहौल है उससे निजात पाने के लिए युवाओं में जोश होना जरूरी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मप्र युवा कांग्रेस के युवा क्रांति कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये यह बात कही।

पटवारी ने कहा कि एक प्रस्ताव रखते हुये कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा पंचायतों के ग्राम एवं वार्ड स्तर पर भी अध्यक्षों का गठन किया जाए, क्योंकि युवा कांग्रेस संगठन का वह हिस्सा है, जिसमें जोश और उत्साह की भावना समाहित होती है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उक्त प्रस्ताव पर सहमति की मुहर लगायी। युवा कांग्रेस के कार्यक्रम तैयार करने विचारशील बौद्धिक लोगों की एक टीम तैयार करने का प्रस्ताव भी दिया, जिससे समय अनुसार पहले से रूपरेखा तैयार कर बेहतर कार्यक्रम हो सकें। उन्होंने युवा कांग्रेस की सहूलियत के लिए आर्थिक संसाधन जुटाने की भी बात की। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मप्र प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा कि जो हाल ही में 45 नये विधानसभा अध्यक्ष बनाए गये हैं वे एक माह में अपनी विधानसभा में हर पंचायत और वार्ड में अध्यक्षों का गठन सुनिश्चित करें। प्रदेश सह-प्रभारी प्रियंका पटेल ने कहा कि आगामी 9 अगस्त को भारतीय युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस है। प्रदेश भर में हर ब्लाक में भारतीय युवा कांग्रेस के झण? के साथ ध्वजारोहण करें। ध्वजारोहण स्थानीय महिला द्वारा ही कराया जाये,। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ हर वर्ग में भारी आक्रोश हैं, जन-भावनाओं को देखते हुए ही युवा कांग्रेस ने 30 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री निवास के घेराव की घोषणा की है। बैठक में मप्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रवक्ता कुणाल चौधरी, भारतीय युवा कांग्रेस के महामंत्री मनीष चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## उच्च शिक्षा विभाग ने दिए दिशा-निर्देश, 203 कॉलेजों को किया गया चयन

# कॉलेजों में तैयार होंगे ईको क्लब, विद्यार्थी बनाएंगे पर्यावरण मित्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। अब प्रदेश के 203 कॉलेजों में ईको क्लब का गठन किया जाएगा। इसको लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें भोपाल जिले के 11 कालेज शामिल है,जहां ईको क्लब गठित किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार, इसके लिए प्रदेश के 203 कॉलेजों का चयन किया गया है। शासन ने भारत सरकार के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम पोर्टल पर सभी 203 कालेजों को पंजीयन कराने के आदेश दिए हैं। प्रदेश के चयनित कॉलेज में ईको क्लब के गठन और पर्यावरण शिक्षण पोर्टल पर पंजीयन कराकर सभी प्राचार्यों को सोमवार तक अपनी रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को देनी होगी।



### पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार

ईको क्लब के जरिए कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पर्यावरण मित्र बनाया जाएगा। ईको क्लब के जरिए विद्यार्थियों की समझ और कौशल को बढ़ाकर उन्हें अपने आसपास के पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाया जाएगा। कॉलेजों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी कराए जाएंगे। पर्यावरण से संबंधित प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी।

## डीएलएड में प्रवेश के लिए पंजीयन की आज अंतिम तिथि

डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) की सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित काउंसलिंग में तीन चरण हो चुके हैं। अब 34 प्रतिशत खाली सीटों के लिए एक और चरण की काउंसलिंग शुरू की जाएगी। राज्य शिक्षा केंद्र की तरफ से नया समय–सारिणी जारी की गई है। फिर से एक और चरण की काउंसलिंग होने से विद्यार्थियों को राहत मिल गई है। विद्यार्थी पांच अगस्त तक नए पंजीयन व च्वाइस फिलिंग करवा सकेंगे, जबकि पहले पंजीयन करवा चुके विद्यार्थी दोबारा च्वाइस फिलिंग करवा सकेंगे। प्रदेशभर में कुल 17000 सीटें खाली हैं। हालांकि सीटों का कब आवंटन होगा इसकी तारीख नहीं दी गई है।

## सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का असर

# निजी के मुकाबले सरकारी में बढ़े प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को निश्शुल्क किताबें और आगे की पढ़ाई के लिए शासन की ओर से कई योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जिसमें सरकारी स्कूलों के 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटाप के लिए 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती हैं। साथ ही सरकारी स्कूलों के एक-एक टापर छात्र-छात्रा को स्कूटी प्रदान की जाती है। वहीं सरकारी स्कूलों को सीएम राइज और पीएमश्री स्कूल के रूप में सर्वसुविधायुक्त किया जा रहा है। प्रदेश में सरकारी स्कूलों के प्रति धारणा बदलती जा रही है। इस साल नौवीं से 12वीं तक में प्रदेश के निजी स्कूलों में 10 लाख तो सरकारी में इससे दोगुने करीब 20 लाख प्रवेश हुए हैं। हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस साल सरकारी व निजी स्कूलों में प्रवेश कम हुए हैं।

# नयी व्यवस्था: भाजपा विधायक और मंत्री दो दिन रहेंगे राजधानी में

### विधायकों की शिकायत मंत्री मिलते नहीं और क्षेत्र के काम लटक जाते हैं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधायकों की शिकायत के समाधान के लिये अब नयी व्यवस्था लागू की गई है। अब आज और कल यानि इस सप्ताह के सोमवार और मंगलवार को मप्र के सभी सभी भाजपा विधायक अपने काम कराने के लिये भोपाल में रहेंगे। वे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री और मंत्री से मुलाकात कर सकेंगे। यही व्यवस्था हर सप्ताह लागू रहेगी। पिछले दिनों विधायकों से बातचीत केदौरान विधायकों का दर्द उभरा था कि मंत्रियों से उनकी मुलाकात नहीं हो पाती और वे भटकने को मजबूर होते हैं। अब विधायक मुलाकात के जरिए विधानसभा क्षेत्रों के रोडमैप पर होने वाले काम की जानकारी देंगे। जिससे कामों में तेजी लाई जा सकेगी। मंत्रियों से भी कहा है कि वे विधायकों से मिलें और उनकी बातों को तवज्जो दें। हालांकि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंत्रियों के लिए पहले ही निर्देश दे रखे हैं कि वे सोमवार और मंगलवार को भोपाल में रहेंगे और इसके बाद जिलों में या क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सोमवार और मंगलवार को आमतौर पर कैबिनेट की बैठक होती है। इसलिए मंत्रियों के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। यह व्यवस्था पिछली शिवराज सरकार में भी थी लेकिन मंत्री कई बार मंगलवार को कैबिनेट बैठक वाले दिन ही भोपाल पहुंचते थे।अब फिर मंत्रियों की भोपाल में मौजूदगी तय करने के लिये कहा गया है। सीएम यादव ने बीती कैबिनेट बैठक में अनौपचारिक संवाद में मंत्रियों से कहा है कि सोमवार और मंगलवार को विधायक भोपाल में रहेंगे और उनसे मुलाकात करेंगे तो उनकी बातों को सुनना और क्षेत्र के विकास व अन्य जरूरी समस्याओं के निराकरण का काम करना है।

### अधिकारियों को भी निर्देश

विधायकों के सोमवार और मंगलवार को भोपाल में रहने के दौरान उनके क्षेत्र के मसलों को लेकर मंत्रालय और डायरेक्टोरेट के अफसरों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे उनकी बातों को सुनें। इन मौखिक निर्देश के जरिए लागू की गई व्यवस्था का आकलन अगले महीनों में विधायकों से साथ होने वाली बैठक में किया जा सकता है।

# कॉलेजों में अधूरी तैयारी के साथ शुरू कर दिया स्नातक चतुर्थ वर्ष कोर्स, 20 अगस्त तक यूजी चतुर्थ वर्ष में प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मध्य प्रदेश के कॉलेजों में इस सत्र से स्नातक (यूजी) चार साल का किया गया है। इसमें दो तरह के विकल्प ऑनर्स और ऑनर्स विथ रिसर्च है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन प्रवेश की संख्या काफी कम है। अब तक एक हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। 20 अगस्त तक यूजी चतुर्थ वर्ष में प्रवेश मिलेगा, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग किताबें तैयार नहीं करवा पाया है। इससे चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई कैसे शुरू हो पाएगी। कॉलेजों में अब तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है, जबकि अगस्त से कक्षाएं लगनी थी। जानकारी के अनुसार अब तक इस पाठ्यक्रम की किताबें प्रकाशित नहीं की गई हैं। बताया गया है कि किताबों के प्रकाशन में दो महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है। मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी विद्यार्थियों के लिए किताबों का प्रकाशन करती है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यह चौथा साल है। यह तय था कि चतुर्थ वर्ष रहेगा, फिर भी सिलेबस और किताबों का प्रकाशन समय से नहीं हुआ। हालांकि, प्रदेश के कालेजों में करीब एक लाख विद्यार्थियों के चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लेने की संभावना है। प्रोफेसरों का कहना है कि किताबें तैयार नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। जानकारी के अनुसार सिलेबस देर से तैयार होने की प्रमुख वजह प्लानिंग की कमी रही। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होते ही सिलेबस पर काम होना चाहिए था। जल्दबाजी में फैसले लिए गए और इस वजह से किसी भी वर्ष किताबें समय पर प्रकाशित नहीं हो सकीं। सिलेबस वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अभी एडमिशन प्रक्रिया जारी है, जब कक्षाएं लगेंगी, तब विद्यार्थियों को किताबें मिल जाएंगी। यूजी चतुर्थ वर्ष की प्रक्रिया शुरू से धीमी गति से हुई। विभाग में पाठ्यक्रम तैयार करने का काम जून तक चलता रहा। इसके बाद इसे अपलोड किया गया। अब हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से किताबों के लिए लेखन कार्य चल रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल फरवरी-मार्च से ही सिलेबस बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

**मेट्रो एंकर** बेंगलूरु इंडस्ट्री मीट में खनिज उद्योगों के लिए भी निवेश जुटाएगी सरकार

# आठ अगस्त को दक्षिण भारत के उद्योगपतियों से सीएम करेंगे चर्चा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए बेंगलूरु में आठ अगस्त को होने वाले इंटरेक्टिव सत्र में आइटी के साथ ही खनन के क्षेत्र में भी निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। खनिज संपदा की ब्रांडिंग की जाएगी। इसके लिए सीएम डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर बेंगलूरु जाएंगे। वे इंटरेक्टिव सेशन में प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा पर उद्योगपतियों का ध्यान आकर्षित कर निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। यहां बता दें कि मिनरल ऑक्शन के लिए मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहला पुरस्कार भी मिल चुका है।

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार मध्यप्रदेश में जल्द ही एल्युमिनियम, लेटराइट, बॉक्साइट, बेस मेटल, डायमंड, गोल्ड, लाइमस्टोन, मैंगनीज के 33 ब्लॉक की नीलामी होने जा रही है। कोयले के भी 17 ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया जारी है। प्रमुख खनिजों के 20 ब्लॉक की नीलामी पहले से चल रही है। इनमें



मैंगनीज, डायमंड बॉक्साइट, लेटराइट, गोल्ड, बेस मेटल और लाइमस्टोन हैं। पिछले साल एक साथ 51 ब्लॉक का आक्शन हुआ था, जो अब तक का रेकॉर्ड है। इन सबको ध्यान में रखते हुए सीएम दक्षिण भारत के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। इसमें आइटी के साथ ही खनिज संपदा और उसकी संभावनाओं, निवेशकों को दी जा रही सुविधाओं, रियायतों की जानकारी भी देंगे। इस दौरान खनिज विभाग के अधिकारी भी प्रेजेंटेशन देंगे।

### मध्यप्रदेश देश का चौथा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य

मध्यप्रदेश देश का चौथा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है। सिंगरौली, सीधी, छिंदवाड़ा, बैतूल, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और नरसिंहपुर में भरपूर कोयला भंडार है। कोयले का उपयोग थर्मल पावर प्लांट्स और कोल गैसीफिकेशन प्लांट्स में होता है। इनसे संबंधित उद्योगों के लिए निवेश की अच्छी संभावनाएं हैं। चूना पत्थर का भी बड़ा भंडार है। इस दृष्टि से सीमेंट उद्योग के लिए मप्र अच्छा निवेश स्थान है। 74 प्रतिशत तांबा मप्र में खनिज विभाग के अनुसार देश में 163.9 मीट्रिक टन तांबे का भंडार है। इसमें से मप्र में 120.4 मीट्रिक टन है, जो देश का 73 फीसदी है। इसी तरह मप्र में मैंगनीज अयस्क देश का 26 प्रतिशत, बॉक्साइट तीन प्रतिशत, रॉक फॉस्फेट 29 प्रतिशत मौजूद है।



## संपादकीय

### बारिश और इंतजाम

बरसात का मौसम ऐसा होता है,जिसका हर किसी को इंतजार होता है,क्योंकि यह बेहद परेशान करने वाली गर्मी के बाद आता है। लेकिन अब यह मौसम डराने लगा है क्योंकि यह हर वर्ष विकराल तबाही के मंजर लेकर आने लगा है। पहाड़ी इलाकों में हर वक्त बुरी खबर की आशंका बनी रहती है। मैदानी राज्यों में भी इतनी जबर्दस्त बरसात हो रही है कि लोग सहमे हुए हैं। यह क्लाइमेट चेंज का नतीजा मानी जा रही है। उधर पहाडी राज्य कश्मीर,उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात से जमीन धंसने, घर, पुल, सड़कें, वाहन आदि बह जाने से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, सैकड़ों लापता हैं। हजारों लोग जहां-तहां फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने की कोशिशें जारी हैं। इसी हफ्ते केरल के वायनाड में भी भारी तबाही हो गई। भूस्खलन में पूरे के पूरे कई गांव खत्म हो गए। मरने वालों की संख्या दो सौ के करीब पहुंच रही है, बहुत सारे लोग लापता हैं। ऐसे में फिर से वही सवाल उठने लगे हैं, जो कई वर्ष से उठते रहे हैं। मुसीबत की बरसात में सबसे प्रमुख सवाल यह उठ रहा है कि बरसात और उससे होने वाली तबाही को लेकर पहले से चेतावनी जारी करने का कोई भरोसेमंद तंत्र क्यों विकसित नहीं किया जाता, जिससे लोगों को समय रहते जोखिम वाली जगहों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। वायनाड के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि वहां तीन-चार दिन पहले ही चेतावनी जारी कर दी गई थी कि बारिश से भारी तबाही हो सकती है, मगर राज्य सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। जवाब में केरल सरकार ने केंद्र से ऐसी किसी चेतावनी मिलने से इंकार किया है। अब विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि बारिश और भूस्खलन को लेकर पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक तंत्र विकसित करने की जरूरत है। बरसात के बारे में चेतावनी मौसम विभाग जारी करता है। मगर अक्सर उसके पूर्वानुमान भरोसेमंद साबित नहीं होते। अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जब वह बरसात से होने वाले नुकसान का सही-सही अंदाजा नहीं लगा पाया। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यो की हालत छिपी नहीं है। अंधाधुंध चली विकास परियोजनाओं के चलते अनेक जगहों पर पहाड़ हिल चुके हैं, उनकी मिट्टी भुरभुरी हो चुकी है। जैसे ही तेज बरसात होती है, पहाड़ धंसने लगते हैं। उन पर बने घर, सड़कें और पुल ध्वस्त हो जाते हैं। बरसात की बदलती प्रकृति भी अब किसी से छिपी नहीं है। हिंद महासागर के गर्म होने से इस मौसम में बादल तेजी से बनते और मोटी बूंदों के रूप में बरसने लगते हैं। बादल फट पड़ते हैं। कम समय में बरसे अधिक पानी को पहाड़ झेल नहीं पाते। वायनाड के बारे में भी तथ्य छिपे नहीं थे। वहां का काफी बड़ा इलाका जोखिमभरा है मौसम विभाग और भूसर्वेक्षण से जुड़े महकमे अगर परस्पर तालमेल कर अध्ययन करें, तो बरसात के समय होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। जोखिम वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा सकता है। चूंकि जलवायु परिवर्तन के खतरे दिनों-दिन बढ़ रहे हैं मगर उसके मद्देनजर न तो विकास परियोजनाओं का आकलन है और न संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के लिहाज से एहतियाती उपाय हैं। बरसात के समय हादसे हो जाने के बाद सब सक्रिय नजर आते हैं, जिन्हें राजनीति करनी होती है, वे उन पर राजनीति भी करते हैं। मगर इस सबके बीच जिन लोगों की जिंदगियां खत्म हो जाती हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में मौसम का मिजाज पढ़ने की विशेषज्ञता सरकारी तंत्र को हासिल करना ही होगी।

# जातिगत राजनीतिक लड़ाई से सत्ता के सिंहासन का सपना

## राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता की शपथ और पिता राजीव गांधी के रास्ते भी बदल रहे


■ **आलोक मेहता**

राहुल गांधी ने कई वर्षों तक विचार के बाद कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया और पहले दुविधा और फिर बड़े आग्रह के बाद पार्टी के शीर्ष पद स्वीकार किए। पार्टी की एक बड़ी चुनावी पराजय के बाद पद से इस्तीफा दिया । 2024 के



लोक सभा चुनाव में विपक्ष के एक गठबंधन के साथ मिली थोड़ी सफलता से उनका आत्म विश्वास बड़ता दिखाई दे रहा है । लेकिन गठबंधन की मड़बूरी या अन्य साथियों के फॉर्मूलों से आकर्षित होकर क्या कांग्रेस पार्टी की सदस्यता की शर्तों और परम्पराओं को भूलने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं । एक पुराने कांग्रेसी नेता ने अनौपचारिक बातचीत में आशंका व्यक्त की कि गांधी परिवार के सदस्य होने के कारण संभव है , उन्हें सदस्यता फॉर्म पड़ने की जरुरत महसूस नहीं होगी , कंपनी के सी इ ओ की तरह सहयोगी द्वारा लाए गए फॉर्म पर दस्तखत कर दिए हों । वैसे भी वे कांग्रेस पार्टी को नए ढंग से चलाने की कोशिश कर रहे हैं । अन्यथा कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के लिए शपथ पत्र की पहली दो पंक्तियों में ही लिखा गया है कि मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरी आयु 18 साल या उससे अधिक है. मैं प्रमाणित खादी पहनने का आदी हूं. मैं अपने को मादक पेयों और नशीले पदार्थों से दूर रखता हूं. मैं न तो सामाजिक भेदभाव करता हूं और न किसी भी रूप में इसे अमल में लाता हूं और इसे मिटाने के लिए काम करने का वचन देता हूं. मैं धर्म और जाति के भेदभाव रहित एक सूत्र में बंधे समाज में विश्वास रखता हूं।

जाति और धर्म पर भेदभाव न करने के संकल्प वाला व्यक्ति जातिगत गणना और जातियों के आधार पर शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के विस्तार के लिए हर मोर्चे पर लड़ने और सत्ता में आते ही अपना यह वायदा पूरा करने की घोषणाएं कैसे कर सकता है ड़ राहुल गांधी ने नए वित्तीय वर्ष के बजट का विरोध करते हुए अपने भाषण में भी जातिगत जनगणना के अभियान की बात पर सर्वाधिक जोर दिया । तब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बहस के उत्तर के दौरान नेहरु से लेकर राजीव गांधी तक आरक्षण के विस्तार के विरोध वाले विचारों और परम्परा की ओर ध्यान दिलाया । इसी क्रम में उन्होंने राजीव गाँधी द्वारा मार्च 1985 में मुझे दिए गए इंटरव्यू को भी उद्धृत कर दिया । इस इंटरव्यू का हेडिंग और एक पंक्ति मीडिया में सुर्खियां बनकर चर्चा का विषय बन गई । देश के पमुख हिंदी दैनिक नव भारत टाइम्स में 3 मार्च 1985 को प्रकाशित इस इंटरव्यू का शीर्षक है - आरक्षण के नाम पर बुद्धुओं को बड़ावा नहीं - राजीव गांधी । इस हंगामे में मीडिया के पत्रकारों के अलावा कई अन्य लोगों ने भी मुझसे इस इंटरव्यू में राजीव द्वारा कई गई बातें जानने की कोशिश की । यों किसी लाइब्रेरी में पुराना अड़बार मिल सकता है अथवा मेरी पुस्तक नामी चेहरों से यादगार मुलाकातें में भी उनके दो इंटरव्यू, इंदिराजी, नरसिंहा राव, अटलबिहारी वाजपेयी सहित कई हस्तियों के इंटरव्यू उपलब्ध है । फिर हाल इस समय राजीव गांधी के साथ हुई लम्बी बातचीत के कुछ अंशों का उल्लेख कर रहा हूँ । मेरे सवालों के उत्तर में रजीव्क गाँधी ने कहा था - मैं यह मानता हूँ कि आरक्षण की पूरी नीति पर विचार होना चाहिए । पैतीस बरस पहले सामाजिक समस्या के समाधान के लिए यह व्यवस्था की गई थी । लेकिन पिछले वर्षों के दौरान उसका राजनीतिकरण कर दिया गया । लोग अल्पकालीन राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं । पिछले वर्षों





में हमारा समाज बहुत बदल गया है । 1950 में समाज का जो ढांचा था , स्थिति अब वैसी नहीं है । उसमें काफी बदलाव आया है। तरक्की हुई है । इसलिए समय आ गया है कि इस नीति और सुविधाओं पर पुनः विचार करना है । हमें वास्तविक दबे पिछड़े लोगों के के लिए कुछ आरक्षण की व्यवस्था रखनी होगी । लेकिन यदि इसका विस्तार किया गया तो अति सामान्य बुद्धू लोगों को बड़ा रहे होंगे और इससे पूरे देश को नुकसान होगा ।

इस बात के चालीस साल हो गए । राहुल गांधी या कोई अन्य व्यक्ति यह कह सकता है कि इन चार दशकों में शिक्षा या समाज की स्थितियों में कोई प्रगति नहीं हुई है ड़ राहुल गांधी के रूप में संसद में फिर देशव्यापी जाति जनगणना की जोरदार वकालत की। । बीजेपी के सांसद अनुराग ठाकुर ने जव्वाब में किसी का नाम नहीं लिया लेकिन कह दिया कि जाति जनगणना की वकालत वे लोग कर रहे हैं जिनकी अपनी जाति का पता नहीं है। हालांकि, ठाकुर के बयान का एक हिस्सा संसदीय कार्यवाही से हटा दिया गया था। इसके बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ट्वीट किया। बाद में, एक अन्य बीजेपी नेता संने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गांधी के संसदीय में दिए गए भाषण पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल को खुद से और अपने साथी उत्साही लोगों से यह महत्वपूर्ण सवाल पूछने की जरूरत है-इसका ( जातिगत जनगणना का ) अंतिम लक्ष्य क्या हैड़ क्या इसका उद्देश्य जाति-आधारित आरक्षण को और बढ़ाना हैड़ कई राज्य पहले ही इंदिरा साहनी के फैसले में निर्धारित 49 फीसदी सीमा का उल्लंघन कर चुके हैं या उल्लंघन करने के करीब हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी कोटा के लिए न्यायिक मंजूरी, जो कि पहली मोदी सरकार के अंतिम दिनों में कानून बनाया गया था, वैसे भी मौजूदा संभावित कोटा सीमा को 59 फीसदी तक बढ़ा देता है। जबकि तमिलनाडु में यह सीमा वैसे भी 69 फीसदी है। तो, क्या जाति जनगणना के बाद इसे ।5 फीसदी तक ले जाने का इरादा है या इससे भी ज्यादा, क्योंकि उच्च जातियां आबादी के 20 फीसदी से अधिक नहीं हैं।

साथ ही, क्या 49 फीसदी की सीमा के काम करने के तरीके के बारे में किसी भी तरह की स्टडी के बिना आरक्षण नीति को आगे बढ़ाना और विस्तारित करना समझदारी है इस बात के सबूत हैं कि अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़ी जातियों के बीच क्रीमी लेयर को आरक्षण से अनुपातहीन रूप से लाभ मिला है। इसका मतलब है कि असली चुनौती पहले से ही पात्र लोगों के बीच कोटा को फिर से बांटना है। यदि सात दशक के कोटा-मोचन ने जाति की अक्षमताओं को दूर करने में पर्याप्त रूप से मदद नहीं की है, तो कोटा को 10-15 फीसदी और बढ़ाने से क्या मदद मिलेगी। सवाल यह भी है कि क्या इसका उद्देश्य आरक्षण व्यवस्था को निजी क्षेत्र तक भी बढ़ाने का है इससे योग्यता आधारित भर्तियों के लिए जगह और भी सीमित हो जाएगी। पिछले दिनों राहुल गाँधी की कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने तो केवल प्रादेशिक लोगों को ही नौकरियों में प्राथमिकता देने का फैसला कर लिया था । वह तो भरी विरोध के कारण स्थगित हो गया है । तो क्या अब राहुल की कांग्रेस जाति, क्षेत्र, धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश को अराजकता की तरफ ले जाना चाहती है । । कर्नाटक में सिद्धारमैया की ही सरकार ने पिछले कार्यकाल में जाति सर्वेक्षण कराया था, लिंगायत और वोक्कालिगा वोट खोने के डर से इसे आगे बढ़ाने में हिचकिचा रही है। हालांकि आरक्षण की लड़ाई अंततः अदालतों में जीती या हारी जाएगी । सुप्रीम कोर्ट के इस सप्ताह के निर्णय में अभी की आरक्षण व्यवस्था में ही उप जातियों को जोड़ने आदि का अधिकार राज्य सरकारों को देने की बात कही है , लेकिन इसमें क्रीमी लेयर यानी एक पीड़ी के लाभ मिलने के बाद उसी परिवार के अगली पीड़ी के व्यक्ति को आरक्षण का लाभ नहीं देने का ऐतिहासिक निर्णय भी दे दिया है ।

जहां केंद्र सरकार ने ये साफ कर दिया है कि अगली जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा बाकी जातियों की गिनती नहीं होगी और न ही पिछली सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना ( एसईसीसी-2011 ) के आंकड़े जारी किए जाएंगे. वहीं, राहुल गांधी ने ये कह दिया है कि जाति जनगणना कराई जाए,। एसईसीसी-2011 के जाति संबंधी आंकड़े जारी किए जाएं और आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटाकर आबादी के अनुपात में वर्गों को आरक्षण दिया जाए । देश आजाद होने के बाद 1951 में जनगणना का समय आया तो जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने एससी और एसटी के अलावा, बाकी जातियों के आंकड़े न जुटाने का फैसला किया था ।ये नीति 1980 तक लगभग बिना विवाद चलती रही । 1980 में बीपी मंडल ने दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी. ।. उन्होंने जनगणना में जाति के आंकड़े जुटाने की सिफारिश की । वी पी सिंह सरकार ने 1990 में इस रिपोर्ट का वह अंश लागू हुआ, जिससे केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी आरक्षण यानी पिछड़ी जातियों के लिए 2। प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान कर दिया । अगली जनगणना की तैयारियों के क्रम में फिर एचडी देवगौड़ा की सरकार ने 1996 में फैसला किया कि अगली यानी 2001 की जनगणना में जाति के आंकड़े जुटाए जाएंगे झ लेकिन 2001 से पहले ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बन चुकी थी और उस सरकार ने देवगौड़ा सरकार के फैसले को बदल दिया ।2011 की जनगणना से पहले लोकसभा में 2010 में जाति जनगणना पर व्यापक बहस हुई थी, जिसमें कांग्रेस और बीजेपी समेत सभी दलों के बीच आम सहमति भी बन गई थी । लेकिन राहुल कांग्रेस की मनमोहन सिंह की सरकार ने आखिर ये फैसला लिया कि 2011 की दस वर्षीय जनगणना में जाति को शामिल नहीं किया जाएगा । इस तरह जाति जनगणना कांग्रेस सरकार ही रोकती रही ।

# वित्त मंत्री , दूसरों की भी सुनें !...मंत्रालय के मुताबिक बेरोजगारी तेजी से घटी, तो उम्मीदवार इतने क्यों?

■ **पी. चिदंबरम**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई व को साल 2024-25 का बजट पेश किया। उसके अगले दिन संसद के दोनों सदनों में इस पर चर्चा शुरू हुई, जबकि वित्त मंत्री ने लोकसभा में 30 जुलाई और राज्य सभा में 31 जुलाई को इसका जवाब दिया। वित्त मंत्री का जवाब तीन बड़े आधारों पर टिका था... वित्त मंत्री के अनुसार, पैसे खर्च करना अच्छी शासन व्यवस्था का एक मापदंड है। इसके फलस्वरूप हर वर्ग के लोगों का विकास और कल्याण होता है। वित्त मंत्री ने अपनी बात को आंकड़ों के जरिये पुष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार द्वारा अपने शासन के अंतिम साल 2013-14 में कितना खर्च किया गया था और एनडीए सरकार के पहले और आखिरी साल यानी 2019-20 में कितना खर्च किया गया और 2024-25 में कितना खर्च किया जाएगा। जाहिर तौर पर संख्या यह दर्शाती है कि साल दर साल बजट में इजाफा हुआ है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 2013-14 में कृषि के लिए मात्र 30 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि आज यह 1.52 लाख करोड़ रुपये है। यहां तक कि यह पिछले साल 2023-24 से भी आठ हजार करोड़ रुपये अधिक है। पिछले साल की तुलना में हमने इसमें वृद्धि की है, न कि कोई कमी। परेशानी मौजूदा कीमतों को लेकर थी, न कि स्थिर कीमतों को लेकर। बढ़ा हुआ व्यय उसी सूरत में प्रासंगिक होगा, जब इसे कुल व्यय या सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के अनुपात में बताया जाएगा। इसके अलावा ऐसे अनेक मद हैं, जिनके लिए आवंटित राशि को 2023-24 में खर्च ही नहीं किया गया। इसके बारे में नहीं बताया गया, क्यों? आंकड़ों के आधार पर टेबल है

| विभाग | बीई | आरई |
|---|---|---|
| कृषि और अन्य | 1,44,214 | 1,40,533 |
| शिक्षा | 1,16,417 | 1,08,878 |
| स्वास्थ्य | 88,956 | 79,221 |
| समाज कल्याण | 56,080 | 46,741 |
| वैज्ञानिक विभाग | 32,225 | 26,651 |

(सभी आंकड़े करोड़ रुपये में)

बेरोजगारी की समस्या है ही नहीं- वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति लोगों को सक्षम, स्वतंत्र और समर्थ बनाने की है। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हुए कहा कि बेरोजगारी में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। एसबीआई की शोध रिपोर्ट में पाया गया कि 2014 से लेकर 2023 तक 125 मिलियन रोजगार पैदा किए गए। ये दोनों सरकारी रिपोर्ट हैं। सीएमआईई ने सरकार की इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि मौजूदा बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जितनी बेरोजगारी है, उसमें 83 प्रतिशत युवा हैं। वित्त मंत्री ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि सैकड़ों या हजारों नौकरियों के लिए लाखों उम्मीदवार क्यों हैं? उदाहरण के लिए यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 60,244 पदों के लिए 48 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा दी, जिनमें 16 लाख महिलाएं थीं। अगर बेरोजगारी तेजी से घट रही है तो नौकरी में पदों और उम्मीदवारों का अनुपात इतना असमान क्यों है? ऊपर के दो उदाहरणों में पद और आवेदकों का अनुपात 1:80 और 1:329 था। इंजीनियर, मैनेजमेंट ग्रेजुएट, वकील और पीजी किए हुए



छात्र एक कांस्टेबल या क्लर्क के पद के लिए क्यों आवेदन कर रहे हैं? बेरोजगारी की सच्चाई को जानने के लिए मैं प्रधानमंत्री और दूसरे मंत्रियों को यह सुझाव देना चाहता हूं कि उन्हें भारत के शहरों और कस्बों की गलियों में घूमना चाहिए। वित्त मंत्री तो अपने जन्म स्थान मदुरई से अपनी यात्रा शुरू कर विल्लुपुरम, जहां उन्होंने स्कूल की पढ़ाई की, जा सकती हैं और तिरुचिरापल्ली, जहां उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई की है, में अपनी यात्रा समाप्त कर सकती हैं। हमारी मुद्रास्फीति दर आपसे बेहतर है-वित्त मंत्री ने कहा, 'यूपीए सरकार हार्वर्ड और ऑक्सफोर्ड से पढ़े नेताओं द्वारा चलाई जा रही थी। उन्हें इस बात का पता नहीं था कि प्रोत्साहन को कब और कैसे हटाना है, जिसकी वजह से 2009 से 2013 के बीच मुद्रास्फीति दोहरे अंकों तक पहुंच गई।' बड़ी ही चालाकी से उन्होंने किसी का नाम न लेते हुए अपनी सरकार को फजीहत से बचा लिया। वित्त मंत्री तकनीकी रूप से सही थीं, पर मुझे लगता है कि उनका वक्तव्य प्रासंगिक नहीं है। लोग अब यूपीए युग में नहीं, बल्कि मोदी 2.1 के समय में रह रहे हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार, वे ऐसे समय में रह रहे हैं, जहां टमाटर, प्याज और आलू के दाम साल दर साल 30, 46 और 59 प्रतिशत की दर से बढ़े हैं। वे ऐसे समय में रह रहे हैं, जब थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत है; सीपीआई मुद्रास्फीति 5.1 प्रतिशत है और खाद्य मुद्रास्फीति 9.4 प्रतिशत है। वे एक ऐसे समय में जी रहे हैं, जब सभी श्रेणियों की मजदूरी पिछले छह सालों में स्थिर हो गई है। जब लोगों ने अप्रैल-मई 2024 में वोट दिया था तो उन्होंने यूपीए सरकार के समय में रही मुद्रास्फीति के खिलाफ नहीं, बल्कि मोदी सरकार के काल की मुद्रास्फीति के खिलाफ वोट दिया था।

वित्त मंत्री ने ऐसा कोई विचार नहीं सुझाया, जिससे मुद्रास्फीति को कम किया जा सके। उन्होंने न तो कीमतों में कोई कमी की, न ही करों या उपकरों में, न न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई और न ही आपूर्ति बढ़ाने के लिए कोई प्रोत्साहन दिए। उन्होंने मुद्रास्फीति पर मुख्य आर्थिक सलाहकार के 15 शब्दों का उदाहरण दिया, 'भारत की मुद्रास्फीति लगातार कम, स्थिर और चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है', इतना कहकर विषय को खारिज कर दिया। वित्त मंत्री ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि अगर मुद्रास्फीति प्रबंधन इतना प्रशंसनीय था तो रिजर्व बैंक ने पिछले 13 महीनों से बैंक दर को 6.5 प्रतिशत क्यों कर रखा है? और इस साल इसमें कोई कमी भी नहीं होने वाली है। बजट पर आम लोगों की प्रतिक्रिया भी उतनी अच्छी नहीं रही। यहां तक कि सरकार की बड़ाई करने वाले भी डरे और सशंकित थे। अंत में वित्त मंत्री के जवाब से अन्य लोगों की तरह मैं भी उसी तरह की स्थिति में था, जैसा कि हम उनके बजट पेश करने के समय थे।

**- लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, यह उनके विचार हैं**

मैंने एक दिन एक किताब पढ़ी और मेरा पूरा जीवन बदल गया।
- ओरहान पामुक

## निशाना

### बार बार अपमान !



बड़ी बड़ी बातें ।
करते ग़लत प्रहार ।।
हैं अभी तक वहीं पर ।
ना बदला व्यवहार ।।
कैसे कोई सौंप दे ।
इनको फिर कमान ।।
कर रहे बुजुर्गों का ।
बार बार अपमान ।।
समय विनाश काल है ।
है बुद्धि विपरीत ।।
लगता लगभग भूल चुके ।
अपना वो अतीत ।।
कोई पाठशाला भी ।
ना लाई बदलाव ।।
होकर के लाचार वो ।
छोड़ रहे प्रभाव ।।

**- कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1972 वाटरगेट कॉम्प्लेक्स इनवाशिंगटन, . सी। में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के कार्यालयों पर चोरी के प्रयास के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वाटरगेट कांड को प्रज्वलित किया गया, जिसमें अंततः अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड न्यूटन के दो साल से अधिक के इस्तीफे का नेतृत्व किया गया।
- 1981 मिस्र के काहिरा में मुस्लिमों और इसाईयों के बीच संघर्ष में 14 लोग मारे गये।
- 1985 जॉन हेन्ड्रिक्स ने संयुक्त राज्य अमेरिका में डिस्कवरी चैनल शुरू किया।
- 1985 स्स्न्नस्-51-त्त स्पेस शटल डिस्कवरी ने पेलोड स्पेशलिस्ट के रूप में सुल्तान बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद, अंतरिक्ष में पहले अरब और पहले मुस्लिम को ले जाने की शुरुआत की। स्स्न्नस्-51-नासा के स्पेस शटल कार्यक्रम की अठारहवीं उड़ान थी, और स्पेस शटल डिस्कवरी की पांचवीं उड़ान थी। कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से 17 जून, 1985 को लॉन्च किया गया सात दिवसीय मिशन और 24 जून को कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर उतरा।
- 1985 बोर्ड स्पेस शटल डिस्कवरी में, सुल्तान बिन सलमान अल सऊदबकेम पहले अरब, पहले मुस्लिम, और बाहरी अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री रक्त।
- 1987 प्रजातियों के अंतिम व्यक्ति की मृत्यु के साथ, सांवली समुद्र तटीय गौरैया विलुप्त हो गई। सांवली समुद्र तटीय गौरैया, अम्मोड्रामस मैरिटिमस नाइग्रसेन्स, सीराइड गौरैया की गैर-प्रवासी उप-प्रजातियां थीं, जो फ्लोरिडा में मेरिट द्वीप के प्राकृतिक नमक दलदलों और सेंट जॉन्स नदी के किनारे पाई जाती थीं।
- 1991 दक्षिण अफ्रीका की संसद ने जनसंख्या पंजीकरण अधिनियम को निरस्त कर दिया, जिसके लिए आवश्यक है कि दक्षिण अफ्रीका के प्रत्येक निवासी को रंगभेद की प्रणाली के भाग के रूप में जाति द्वारा वर्गीकृत और पंजीकृत किया जाए।
- 1994 शिकागो में फीफा विश्वकप फुटबाल की शुरुआत हुई।

# हरियाली अमावस्या पर नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं ने रिमझिम फुहारों के बीच किया स्नान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** श्रावण मास की हरियाली अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है। बरसात के मौसम की परवाह किए बगैर श्रद्धालु दूर-दूर से नर्मदा स्नान करने आते हैं। इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या पर नर्मदा के विभिन्न घाटों पर सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालुओं ने सावन की रिमझिम फुहारों के बीच स्नान किया। श्रद्धालुओं के बीच स्नान का सिलसिला ब्रह्म मुहूर्त से ही प्रारंभ हो गया था। जो शाम तक निरंतर जारी रहा। दोपहर में स्नान करने वालों की भीड़ अधिक देखी गई। नर्मदा पुरम के सेठानी घाट सहित परमहंस घाट विवेकानंद घाट पर्यटन घाट तथा पोस्ट ऑफिस घाट पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

पर्व के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था मुस्तैद रही



## घाटों पर दिनभर कथा अनुष्ठान के आयोजन भी होते रहे

श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा हर घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई। सेठानी घाट पर होमगार्ड के जवानों द्वारा स्नान करने वालों श्रद्धालुओं पर निरंतर नजर रखी गई ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। श्रद्धालुओं के आवागमन वाले नगर के मुख्य मार्गों पर भी सुरक्षा व्यवस्था तैनात रही। जिला प्रशासन के अधिकारी घाटों पर भ्रमण करते हुए देखे गए।

## 6 हजार सैलानियों ने किया तवा डेम का दीदार, नजारा देखने कई शहरों से पहुचे सैलानी



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

रविवार के दिन इटारसी से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित तवा डेम के खुले हुए गेटो का नजारा देखने हजारों कई संख्या में सेलानियों का जमावड़ा बना रहा, करीब 6से 7हजार सेलानियों ने तवा के इस विहंगम दृश्य का दीदार किया। दिन में तवानगर में जाम की भी स्थिति बन गई थी, लेकिन मोके पर मौजूद पुलिस बल ने धीरे धीरे जाम को क्लियर कर दिया था। रविवार को तवा डेम का नजारा देखने इटारसी के साथ ही नर्मदापुरम, डोलरिया, केसला, सुखतवा, हरदा, सिवनीमालवा, बैतूल सहित कई शहरों से लोग पहुँचे थे। तवा से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, वही जबलपुर के बरगी बांध से भी पानी डिस्चार्ज किया गया है। वारना डेम से भी पानी छोड़ा गया है, जो सोमवार को सुबह नर्मदापुरम पहुंच गया था, जिसके चलते नर्मदा नदी का जलस्तर भी लगभग 955पर आप गया है।

## बिना बताए कभी भी चली जाती है बिजली फिर आती है घंटों बाद

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

इन दिनों नगर की जनता के साथ मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी के द्वारा लगातार छलावा किया जा रहा है। जिसमे अधिकारियों की अदूरदर्शीता पूर्ण नीतियों के तहत नगर की बिजली की लाइन से की ग्रामीण क्षेत्र की लाइन को जोड़कर चलाया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में फाल्ट होने पर नगर भी उतने समय अंधेरे में रहता है। जबकि पहले ग्रामीण फीडर अलग, और नगर की सप्लाई अलग से की गयी थी। जिसके चलते सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था। किंतु ना जाने किस बुद्धिमान अधिकारी ने इसे सिवनी मालवा की सप्लाई से जोड़कर चलाने के आदेश दे दिये जिसका खामियाजा नगर की जनता को अंधेरे मे रहकर भुगतना पड़ रहा है।

### मुक्तिधाम में शेडों पर नही है टीन, पहुंच मार्ग पर है भारी कीचड़ और पानी

# ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी शवदाह के लिए लोगों को घंटों करना पड़ता है इंतजार

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** आज भले ही हम 21वीं सदी की आधुनिकता की दौड़ में दौड़ रहे है लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति को अगर देखा जाए तो बद से बदतर है ग्रामीण क्षेत्रों की हर समस्या अगर किसी परिवार में मृत्यु हो जाती है तो कहीं उसे ले जाने के लिए मुक्तिधाम तक रास्ता नहीं है तो कहीं मुक्तिधाम में मृत आत्मा को अपने अंतिम संस्कार के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है ऐसा ही एक मामला बीते रोज सामने आया जब एक साथ तीन मृत आत्माओं को अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम लाया गया।



अधिकतर क्षेत्र के लोग नर्मदा तट पर जाकर लोग अपने परिवार के मृत व्यक्तियों का अंतिम संस्कार करते है। माँ नर्मदा को प्रदूषण से बचाने के लिए भीलाड़िया घाट नर्मदा तट पर शव दाह के लिए तीन शव दाह शेड बनाये गये थे । जिसमे अब केवल एक शेड मे ही टीन लगे है। दो शेड़ो के टीन या तो चोरी हो गये है या हवा आंधी मे कही उड़ गये है।



जिसका पता किसी को नही है। जब यहां शव दाह शेड नही बने थे तब लोग नर्मदा के किनारे पर शव दाह करते थे। इसके बाद सारा बचा शव दाह का सामान नर्मदा मे प्रवाहित कर देते थे। जिससे काफी प्रदूषण नर्मदा मे होता था। लेकिन इसके बाद शव दाह शेड बना दिये गये जो रख रखाव के आभाव मे खराब हो गये है।

### जाने के लिए कीचड़ भरा रास्ता

इतना ही नही शव दाह शेड तक जाने के लिए रास्ता ही नही है। जो रास्ता है वह खस्ता हाल हो चुका है। जिस पर कीचड ही कीचड हो गया है। परिजनों को मृत व्यक्ति की अर्थी के साथ कीचड और पानी भरे रास्ते से होकर बमुश्किल जाना पड़ता है। जिसमे भारी परेशानी होती है।



### शवदाह के लिए घंटो करना पड़ता है इंतजार

भीलाड़िया घाट पर अपने परिजन के अंतिम संस्कार शव दाह के लिए आये परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। क्योकि यहां मात्र एक ही शव दाह शेड बचा हुआ है। तीन शव दाह शेड यहां बनाये गये थे। जिसमे से एक मात्र शव दाह शेड पर ही टीन लगे हुए है। दो शेड़ो के टीन गायब हो गये है। जिसके कारण यहां अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिजनों को घंटो इंतजार करना पड़ता है। या फिर एक ही शेड मे 2 या 3 शव दाह पास पास कर दिये जाते है। यहां की ग्राम पंचायत और जन प्रतिनिधियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

## आरटीओ ने छात्राओं को यातायात नियमों की शपथ दिलाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार 2 अगस्त को नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ विभागीय टीम द्वारा नर्मदापुरम के स्थानीय होम साइंस कॉलेज में निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में कॉलेज की छात्राएं



अपने-अपने लाइसेंस के लिए आवेदन देने पहुंची, बड़ी संख्या में मौजूद छात्राओं में से विभागीय टीम द्वारा 70 लर्निंग लाइसेंस के आवेदन सुबह 11 बजे से 5 बजे तक किए गए। इस आयोजित कैंप में आरटीओ द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ दिलाई गई तथा भविष्य में अपने आस पास के लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया।

## सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नगर पालिका कर्मचारी रावत को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका के कर्मठ कर्मचारी सहायक राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश रावत ( ओपी ) का सेवानिवृत्त सम्मान समारोह कार्यक्रम सेठानी घाट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया ।नगर पालिका से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी का यह सम्मान समारोह सावन की रिमझिम फुहारों के शीतल एहसास के साथ आनंद पूर्ण और हर्ष के साथ सैकड़ों नागरिकों की उत्साहित उपस्थिति के साथ संपन्न हुआ। सेवानिवृत्त सम्मान समारोह कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव तथा पार्षद गण सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी लोगों ने रावत को उनकी दीर्घायु की शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नर्मदापुरम



नगर पालिका का एक जिम्मेदार और कर्मठ व कर्तव्य परायण कर्मचारी बताया। इस अवसर पर ओमप्रकाश रावत की माता श्रीमती कुंती मोहनलाल रावत ने अपनी बहू- बेटे श्रीमती सरोज ओमप्रकाश रावत को अपना स्नेह आशीर्वाद प्रदान किया। श्री रावत ने नगरपालिका में 45 वर्षो तक लगातार अपनी सेवाएं दी। सेवाकाल के दौरान उन्होंने नगर पालिका के विभिन्न विभागों में काम किया और अपनी कार्य शैली से एक जिम्मेदार कर्मचारी होने का परिचय दिया। नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर पालिका अधीक्षक डॉ। प्रशांत जैन सहित कर्मचारी मनोहर सराठे योगेश परसाई अंनत सिंह राजपूत मूर्ति सिंह राजपूत सुखदेव भार्गव दाताराम सगर भगवान दास साहू दिलावर बेग तथा अन्य कर्मचारियों ने श्री रावत को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, पार्षद अनोखी लाल राजोरिया व नंदकिशोर यादव गौरी यादव मुकेश नागर, महेंद्र यादव राम गोविंद चौहान तथा सैकड़ो की संख्या में उपस्थित नगर वासियों ने ओपी रावत के सेवानिवृत्ति समारोह में पहुंचकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

**मेट्रो एंकर** दुर्गम रास्तों को पार करते हुए श्रद्धालु अपने इष्ट के दर्शन करने पहुंच रहे हैं

# मेला: पचमढ़ी में श्रद्धालुओं के बम भोले के जयकारों से गूंज रही है नागद्वारी की गुफा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नागद्वारी गुफा में अपने इष्ट के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब निरंतर उमड रहा है। भारी बारिश के बीच पचमढ़ी की नागद्वारी गुफा श्रद्धालुओं के बम भोले के जयकारे से गूंज रही है। बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई रुकावट पैदा नहीं कर रही है। विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आए हजारों श्रद्धालु पचमढ़ी के दुर्गम एवं कठिन रास्तों से गुजर कर दुर्गम पहाड़ियों को पार करते हुए अपने इष्ट के दर्शन करने लगातार नागद्वारी गुफा पहुंच रहे है। आज दिनांक तक लगभग विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आए एक लाख श्रद्धालुओं ने नागद्वारी गुफा में दर्शन किए। सभी श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।



नागद्वारी मेला क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को तत्परता से हल किया जा रहा है।वन विभाग द्वारा एक जे।सी।बी मशीन एवं दो ट्रैक्टरों को दस दिवस अधिग्रहण कर काजरी के रास्ते को दुरुस्त किया जा रहा है। जिससे जिप्सियों एवं अन्य वाहनों का आवागमन सुगम हो रहा है। लोक निमार्ण विभाग द्वारा महादेव मेला समिति के माध्यम से नागद्वारी गुफा क्षेत्र में कोटा स्टोन एवं नानस्कोड टाईल से सुधार कार्य कराया गया है, जिसमें लगभग 8 से 10 लाख रुपये जिला प्रशासन द्वारा खर्च कराये गये है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष प्रथम दिवस से ही वाहन परमिट वाहन मालिकों द्वारा उत्सुकता दिखा कर स्वयं प्राप्त किया जा रहा है। जिसके कारण आज दिनांक तक 390 परमिट महादेव मेला समिति द्वारा जारी किये जा चुके है। जिसके कारण प्रतिवर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक परमिट जारी किए जा चुके है। जिला परिवहन विभाग द्वारा मेले से पूर्व ही बसों का किराया निर्धारित किया गया था।

जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। इस वर्ष सीसीटीवी द्वारा पदम शेष नागद्वार मंदिर की चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। महादेव मेला समिति द्वारा मेला क्षेत्र में होने वाली समस्त गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया है, कंट्रोल रूम से व्यापक निगरानी एवं व्यवस्थाए सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत अपने अधिकारियों की टीम के साथ मुस्तैदी से कार्य कर रहे है। प्रतिदिन उच?च अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले का अपडेट लिया जा रहा है। जहां कमी पाई जा रहीं है वहां तत्काल संसाधनों की आपूर्ति की जा रही है।

## द्वादश पार्थिव ज्योतिर्लिंग का पूजन एवं रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा अंचल का प्रतिष्ठा पूर्ण धार्मिक आयोजन प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सोमवार से प्रारंभ हो गया जो 16 अगस्त तक चलेगा । इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में श्री पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग निर्माण रुद्राभिषेक एवं एक लाख रुद्री निर्माण किया जाएगा। 5 अगस्त से यह धार्मिक आयोजन प्रारंभ होगा जो की 16 अगस्त तक चलेगा। प्रतिदिन अलग-अलग यजमान पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग का पूजन एवं रुद्राभिषेक करेंगे। विद्वान पंडित विनोद दुबे मुख्य आचार्य रहेंगे एवं सहयोग के लिए पंडित सत्येंद्र पांडे एवं पंडित पीयूष पांडे आचार्य के रूप में कार्य करेंगे।



विधायक शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की भूमि पर हुए पौध रोपण में नीम पीपल

# हरियाली अमावस्या पर 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान में रोपे गए एक हजार से अधिक पौधे

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

हरियाली अमावस्या पर विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकृति के संरक्षण एवं संबर्धन के लिए किए गए आव्हान को लेकर पौधा माँ के नाम अभियान अंतर्गत विशाल वृक्षारोपण किया गया। रविवार को शहर से सटे ग्राम कल्याणपुर में वन विभाग के पी 513 रकबे के करीब छह हेक्टेयर में करीब एक हजार से अधिक पौधों को रोपने के लक्ष्य को लेकर रिमझिम बरसते पानी के बीच राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के अलावा स्कूली बच्चे और प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी पहुँचे। वन विभाग ने यहाँ पौधे रोपने के लिए गड्ढे खोदने के



साथ ही पौधों की व्यवस्था कर रखी थी। प्रकृति से प्रेम रखने वाले ओर हरियाली के महत्व को सार्थक करने की मंशा से चयनित स्थान पर पहुँचकर नागरिको ने विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में नीम,सागौन, बहेडा, पीपल, आंवला सहित अनेक प्रजातियों के वृक्षों को रोपने का काम किया। इस दौरान विधायक उमाकान्त शर्मा ने भी बरसते पानी मे भीगते हुए स्वयं वृक्षारोपण करटे हुए वर्तमान परिदृश्य में वृक्षों के महत्व ओर जलवायु में उनकी उपयोगिता से उपस्थित नागरिकों को अवगत कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश तिवारी, पार्षद बलजीत यादव, सचिन शर्मा, ज्योति दुबे, नरेंद्र पाटीदार, सहित सैकड़ो नागरिक गण मौजूद रहे।

# पानी निकासी के लिए बनी नाली ही बनी जाम का कारण



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मामला ग्राम पंचायत टोंकरा का जिसमें बरसात के पहले ही नाली निर्माण कराया गया था जो कि पीडब्ल्यूडी द्वारा उसका निर्माण एक ठेकेदार द्वारा किया गया जिसमे निकासी नहीं दी जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही जांच की मांग की है बीच बीच में नाली निर्माण गायब हैं उसको लेकर प्रशासन की लापरवाही का नतीजा ग्रामीणों को भोगना पड़ रहा है इसमें कहीं न कहीं पंचायत के जिम्मेदार भी इस लापरवाही का कारण है जिम्मेदारों द्वारा बिलकुल ध्यान नहीं दिया गया कि पंचायत के ही ग्राम में विकास चल रहा है उस कार्य को पीडब्ल्यूडी का बताकर पल्ला झाड़ते नजर आए पूर्व में ही विगत 6 वर्षों में करोड़ों रुपए के मामले अधिकारियों ने सिर्फ जांच का हवाला दिया है। लेकिन नतीजा अभी तक जीरो पर अटका हुआ है। ऐसे अधिकारियों की लापरवाही कहें या मिलीभगत इतना ही नहीं है। अब सरपंच-सचिव के साथ-साथ रोजगार सहायक भी भ्रष्टाचार के पायदान चढ़ते चले जा रहे हैं। प्रदेश भर के साथ लटेरी जनपद की ग्राम पंचायतों की जांच भाजपा सरकार को किसी निष्पक्ष एजेंसी लोकायुक्त, मनरेगा परिषद, सहित स्वतंत्रता एजेंसियों से जांच कराई जाए तो कई भ्रष्टाचारियों के धनकुबेर जनता के सामने बेनकाब होंगे। लगातार भ्रष्टाचार के नाम में लटेरी जनपद की लगभग 1 दर्जन से अधिक पंचायत की जांच कराना जनता के हित में होगा। पिछले 5 वर्षों के नाम जनपद की कई ग्राम पंचायतों में मृतकों के नाम मनरेगा मैं मजदूरी का आह्वान कर लिया गया है। साथ ही कई दूकान चालकों को भी मजदूर बताया गया है इसके प्रमाण कई जगह देखने को मिले हैं कपिलधारा योजना में नियम विरूद्ध 1 ग्राम पंचायत में दर्जनों दर्जनों कुए खोद दिए गए। उनका भुगतान हो गया, लेकिन कुए धरातल पर मौजूद नहीं है।रोजगार सहायक का देवर हितग्राहियों से नाजायज पैसे मांग कर मनमानी कर रहे हैं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि इनके द्वारा पीएम आवास शौचालय एवं मनरेगा जैसी सरकारी योजना मैं लाभ दिलाने को लेकर पहले पैसे लिए गए इसके बाद काम किया जाता है कई बार लोगों ने इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो पैसे देकर उनके मुंह बंद कर दिए जाते हैं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कई लोग ऐसे हैं जो चलने फिरने में भी सक्षम नहीं है उन लोगों को मजदूर बनाकर मनरेगा के तहत पैसे निकाले गए हैं।

### कागजों में खेत को मनरेगा योजना के तहत बनाया गया तालाब

पंचयात टोंकरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोजना, टोंकरा में पूर्व में हुए मनरेगा के तहत विकास कार्यों में पूर्व सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के साथ उपयंत्री ने मिलकर कथित रूप से लाखों रुपए का घोटाला किया है। मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में मजदूरों को काम नहीं मिला है। पोखर, तालाब स्टॉप डैम, पुलिया इन सभी में लाखों रुपए का घोटाला हुआ है।

छाता लगाकर बैठने को मजबूर, कहाँ जाती हर वर्ष मिलने वाली मरम्मत राशि ?

# बच्चे बोले-छत से पानी टपकने से पुस्तकें हो जाती हैं गीली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**नगर से कुछ ही किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत पारा में स्थित हाई स्कूल भवन मरम्मत के अभाव में खस्ताहाल हो गए हैं। हालत यह है कि बारिश के समय में स्कूल की छत से पानी टपकने के कारण कई दिनों तक स्कूल बंद पड़ा रहता है।**

प्रभारी वेद प्रकाश राजपूत ने बताया कि तेज बारिश के चलते स्कूल के कक्षों में पानी भरा जाने से बच्चों का पढ़ाई करना मुसीबत से कम नहीं होता है। स्कूल भवन में कक्षों की कमी के कारण बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विगत एक वर्ष से स्कूल भवन क्षतिग्रस्त होने के चलते मजबूरन पंचायत भवन में कक्षाए संचालित की जा रही है। तो वही बच्चों को बैठाने की कोई अन्य व्यवस्था न होने के कारण स्कूल की छुट्टी करनी पडती है। वही उन्होने कहा कि स्कूल भवन काफी पुराना हो चुका हैं। सालों पुराने इस भवन में स्कूल संचालित हो रहा हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की नजर इस ओर नहीं जाती है। सबसे अधिक परेशानी बरसात के दिनों में होती है। जब तेज बारिश होती है तो पूरा पानी छतों से पटकने लगता है। ऐसे में पूरे कक्षाओं में पानी भर जाता है। तो वही बच्चे ठीक ढंग से यहां बैठ भी नहीं पाते हैं। जिस कारण स्कूल की छुट्टी करना पड़ती है।



**शाला निधि से नहीं हो पाते मरम्मत के कार्य:** अक्सर शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल प्राचार्यों व प्रभारियों को यह हिदायत देते हैं कि आप शाला निधि से स्कूल की मरम्मत करा लें, लेकिन यह राशि बहुत कम होती है। इसमें इस तरह के काम होना संभव ही नहीं होते हैं। ऐसे में समस्या जस की तस बनी रहती है और इन खस्ताहाल भवन की मरम्मत भी नहीं हो पाती है। भवनों की मरम्मत के लिए प्राचार्यों द्वारा कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। लेकिन राशि न मिलने के अभाव स्कूलों की मरम्मत नही हो पाती।

**बच्चों की पढाई हो रही प्रभावित:** शासकीय हाई स्कूल पारधा भवन में छत से पानी टपकने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस विद्यालय में कक्षा एक से कक्षा दसवी तक विधार्थी अध्यनरत है। छात्रों ने बताया कि बारिश होने की वजह से छत से पानी टपकने कारण दिन भर पढ़ाई प्रभावित होती है। पानी टपकने के दौरान बच्चों की पुस्तक कापी भी गीली हो जाती है। कभी कभी तो अधिक वर्षा होने पर छाता लगाकर क्लास में बैठना पड़ता है। तो वही स्कूल भवन में कक्षों की कमी के चलते एक ही कक्ष में तीन कक्षाओं का संचालन किया जाता है। जिससे शिक्षकों को पढ़ाने में प्रतिदिन समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही स्कूल में अध्यनरत छात्रों को बारिश के दिनों परेशानी होती है।

### इनका कहना है-

*वर्तमान में हाई स्कूल पंचायत भवन में संचालित हो रहा है। हाई स्कूल के नवीन भवन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जैसे ही प्रस्ताव पारित होता है तो नवीन भवन का निर्माण कराया जाएगा।*

***उमेश सोनी,** बीईओ सिरोज*

# नीलकंठ महादेव मंदिर के लिए निकली कावड़ यात्रा, जगह-जगह स्वागत



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को श्री नीलकंठ महादेव मन्दिर से विशाल महिला जलाभिषेक कावड़ यात्रा का आयोजन हुआ यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाजनम समाज सेवी संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया महिलाएं कतर में चल रही थी सुबह मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद जल अभिषेक कावड़ यात्रा श्री नर्वदेश्वर महादेव हनुमान घाट पंचकुइयां मंदिर पहुंची इसके बाद भगवान शिव जी का जल से अभिषेक पूजा अर्चना की गई इससे पहले नीलकंठ महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा बाजार से होते हुए मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# चोरों ने सरपंच के आवास को बनाया निशाना, जेवरात, नगदी ले भागे

**सिरोंज ।** शनिवार रविवार की दरमियानी रात्रि में 11 बजे से 5 बजे के बीच भोपाल मार्ग पर एक कॉलोनी में निवासरत नेकान पंचायत सरपंच बलवीर यादव के घर पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गत रात्रि में 11 बजे बलवीर यादव भोपाल से आये और बच्चों सहित खाना खाकर सो गये जब सुबह उठकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा मिला और अलमारी के दरवाजे खुले मिले जिसपर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण मंगल सूत्र, चूड़ी एवं नगद रखे डेढ़ लाख रूपये व 12 बोर की रायफल गायब थे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 331(4)व 305 (ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। दोपहर को विदिशा से डाग स्क्वयाड की टीम मौका मुआयना किया गया।



# पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम की जीत का जश्न

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

भारतीय हॉकी टीम की जीत का शहर में शानदार जश्न मनाया गया। रिमझिम बारिश के बीच मेजर ध्यानचंद हॉकी चौराहे पर जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस खुशी के अवसर को उत्साह से मनाया और पानी में भीगते हुए तिरंगा लहराते हुए जमकर नृत्य किया। डीएचए के कार्यालय में बड़ी स्क्रीन पर हॉकी मैच देखने का इंतजाम किया गया था। जहां मैच खत्म होने के बाद जीत की खुशियां मनाने डीएचए के सचिव कन्हैया गुरयानी, उपाध्यक्ष डॉ. ताविश अरोरा, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, अरुण रावर्ट, अजय अल्वर्ट, साजिद मलिक, मो. इरदीश, मयंक जेम्स, शफीक कुरैशी, आरिफ खान, परमीत भाटिया, रीतेश श्रीवास, राजू हरदुआ, गरीबा उस्ताद, अमजद गोलंदाज, रमाकांत कौल, रीतेश दरड़ा, पवन बोहरा, निशांत अगस्टीन सहित अनेक खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद हॉकी चौराह पहुंचे और जमकर थिरके। डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन और कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी ने इंडिया की जीत पर सभी खिलाडियों को बधाई दी है।

बता दें कि रविवार को भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में अपना क्वार्टर फाइनल मैच ग्रेट ब्रिटेन के



खिलाफ खेला था। टोक्यो ओलिंपिक में हार का बदला लेने के इरादे से मैदान पर उतरे ग्रेट ब्रिटेन अपने इरादे में कामयाब तो नहीं हुआ, अलबत्ता भारत ने टोक्यो की जीत को कॉपी पोस्ट कर लिया। हालांकि दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। ग्रुप स्टेज में कमाल का प्रदर्शन करने वाली भारतीय हॉकी टीम ने इस मुकाबले में भी दमदार शुरुआत की, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने भी कमाल का खेल दिखाया, जिसके चलते मुकाबले का नतीजा शूटआउट तक पहुंच गया।

**मेट्रो एंकर** नो एंट्री का मखौल उड़ा रहे हैं बड़े वाहन चालक, कस्टम में घुसा ट्राला

# जाम से आमजन परेशान, यातायात पुलिस ने काटा चालान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर यातायात पुलिस के द्वारा नो एंट्री के बोर्ड तो लगा दिए गए हैं,पर जिनके कंधों पर पालन करने की जिम्मेदारी है उनकी मिली भगत से भारी वाहन का प्रवेश हो रहा है जो आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं इनकी वजह से ही जाम लगता है इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं या फिर सीनियर अधिकारियों के निर्देशक को भी यातायात पुलिस कर्मी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

वही बोर्ड लगाने से नहीं पालन नहीं होग करवाने के लिए इच्छा शक्ति के साथ काम करना होगा पर ऐसा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। कई पुलिस कर्मियों की साठ गांठ से बड़े वाहनों का प्रवेश दिन में भी शहर के अंदर होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है मुख्य सड़कों पर बड़े वाहन दस बजे के बाद भी खड़े रहते हैं माल उतारने का काम भी दिन में ही किया जाता है। रविवार को कस्टम पथ के व्यस्ततम क्षेत्र में 11 बजे एक ट्राला प्रवेश कर गया जिसके कारण काफी देर तक यातायत बाधित हो गया छोटे-छोटे वाहन भी नहीं निकल पा रहे थे काफी मशक्कत के बाद जब ट्राला यहां से खाली हुआ तब जाकर यहां की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ हो पाई प्रदेश टुडे की सूचना पर यातायात प्रभारी रितेश वाघेला ने तत्काल एक्शन लेते हुए नो एंट्री के बाद भी बाजार में बड़े ट्राले को ले जाने पर चालानी कार्रवाई करवाई सबसे बड़ी बात तो यह है कि नो एंट्री के बाद भी ट्राला मुख्य बाजार के अंदर प्रवेश करने के लिए कैसे चला गया कस्टम क्षेत्र व्यस्ततम मार्ग में आता है और सकरा मार्ग है इसकी जानकारी होने के बाद भी छतरी पर पुलिस चौकी है यहां से यह अंदर प्रवेश कर गया काफी देर तक या वाहन यहीं पर खड़ा रहा और इसमें से सामान उतारने का काम किया गया ऐसी तस्वीर से पहले भी कई



बार यहां पर से सामने आ चुकी है इसके बावजूद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी तरह हाजीपुर से लेकर लिंक रोड पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन सड़क पर नो एंट्री के वाहन खड़े रहते हैं इनमें से सम्मान भी खाली करने का काम भी होता रहता है पर इनको रोकने टोकने का काम भी किसी के द्वारा नहीं किया जाता है ।

सूत्र बताते हैं कि कुछ यातायात विभाग के पुलिसकर्मियों से मिलकर ऐसे वाहन चालकों के द्वारा नो एंट्री के बाद भी इन वाहनों को प्रवेश हो जाता है इनमें से मार उतारने का काम किया जाता है इसकी वजह से परेशानी आम से लेकर खास को होती है मंडी मार्ग पर से लेकर बस स्टैंड को जाने वाला रास्ता तो वैसे ही सबसे ज्यादा बिजी रहता है इसके बाद भी यहां पर कई वाहन खड़े रहते हैं ।सबसे बड़ी बात तो यहां है बीच सड़क पर इनको खड़ा कर दिया जाता है इसकी वजह से जाम लग जाता। लिंक रोड से लेकर मंडी बायपास मार्ग पर नो एंट्री के बाद भी खड़े रहते हैं। वहीं नो एंट्री के निर्देशों को हवा में उड़ने वाले वाहन चालकों के ऊपर यातायात पुलिस के द्वारा कितनी सख्त कार्रवाई की जाएगी दूसरी ओर नगर कि यातायत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस को ध्यान देना चाहिए अभी इस तरफ अधिकांश यातायात पुलिस कर्मी ध्यान नहीं देते हैं। इसके कारण हलात ठीक नहीं हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि इनका काम केवल वाहन चेकिंग करके अपना उल्लू सीधा करना होता है इस वजह से छोटे-छोटे दो पहिया वाहन चालकों को जरूर यातायात पुलिस की चालानी कार्रवाई से कठिनाई होती है।

### इनका कहना है -

*नो एंट्री में प्रवेश करने पर चलानी कार्रवाई की है शहर की यातायात ठीक करने की लगातार काम कर रहे हैं।*

***रितेश वाघेला,** यातायात प्रभारी सिरोंज*


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया, जिला भोपाल

क्रमाक./था.प्र/तलैया/ डी- 32/24 दिनांक 24/07/2024

### जाहिर सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मर्ग क्रमांक 32/24 में मृतिका अज्ञात महिला उम्र करीबन 40-45 साल निवासी अज्ञात हुलिया - रंग सांवला, चेहरा- गोल, कद - 5 फिट 02 इंच के करीबन, बदन-दुबला पतला , पहनावा - शरीर में नारंगी रंग कुर्ती पहन रखी है। तथा कमर नीचे नीला पेन्ट पहना है। अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल- नहीं है। जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस मृतिका अज्ञात महिला उम्र करीबन 40-45 साल निवासी अज्ञात के परिजनों के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना तलैया में आकर संपर्क करें अथवा थाना तलैया मो. नं. 9479990560-9479990553 को पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना तलैया, भोपाल

G-14462/24





अगले साल खेला जाएगा टूर्नामेंट

# चैंपियंस ट्रॉफी: ICC ने 544 करोड़ का बजट तय किया

**कोलंबो. एजेंसी**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने चैंपियन ट्रॉफी 2025 के लिए बजट तय कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसीने हाल ही में कोलंबो में अपनी एनुअल जनरल मीटिंग में करीब 544 करोड़ रुपए (65 मिलियन डॉलर) के बजट को मंजूरी दी है। इस बजट में पाकिस्तान के बाहर कुछ खेलों के आयोजन से जुड़ी लागतें भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं जाती है तो उसके मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान से बाहर आयोजित कराए जा सकते हैं। ये मैच श्व या श्रीलंका में आयोजित हो सकता है। इसलिए बजट राशि को इतना बढ़ाया गया है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान में नहीं खेलने का फैसला किया है।

### दो ग्रुप में आठ टीमें

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है। टूर्नामेंट के वेन्यू का ड्राफ्ट को सौंप दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। ड्राफ्ट के मुताबिक, भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। वनडे वर्ल्ड कप 1996 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान को किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी दी गई है। चैंपियन ट्रॉफी को लेकर भारत-पाकिस्तान में कोई बात नहीं आईसीसी मीटिंग में यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चेयरमैन मोहसिन नकवी पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह से बात कर सकते हैं।

# पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य का ब्रॉन्ज मैडल मैच आज

## शूटर अनंत-महेश्वरी स्कीट मिक्स्ड कैटेगरी में उतरेंगे, रेसलर्स का अभियान भी शुरू होगा

**पेरिस, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में सोमवार को भारतीय शटलर लक्ष्य सेन का ब्रॉन्ज मेडल मैच होगा। उनका मुकाबला मलेशिया के ली जी जिया से होगा। यह मैच शाम 6 बजे से खेला जाएगा। लक्ष्य के अलावा, शूटर अनंत जीत सिंह और महेश्वरी चौहान की जोड़ी भी मैडल इवेंट में भारतीय चुनौती पेश करेगी। गेम्स के 10वें दिन भारतीय खिलाड़ी 6 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। इनमें शूटिंग, टेबल टेनिस, सेलिंग, एथलेटिक्स और बैडमिंटन शामिल हैं। आज से भारतीय रेसलर्स का अभियान भी शुरू होगा। निशा राउंड ऑफ 16 मैच खेलेंगी।

### 9वें दिन के हाइलाइट्स

**बैडमिंटन:** लक्ष्य सेन मेंस सिंगल्स का सेमीफाइनल हार गए। अब वे ब्रॉन्ज के लिए खेलेंगे

**एथलेटिक्स:** जेसविन एल्ड्रिन मेंस लॉन्ग जंप क्वालिफिकेशन के फाइनल में नहीं पहुंचे

**बॉक्सिंग:** लवलीना बोरगोहेन को क्वार्टर फाइनल मैच हार गई हैं, भारत का अभियान समाप्त

**हॉकी:** भारत ने क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराया

**शूटिंग:** महेश्वरी चौहान स्कीट फाइनल में चूक गईं। क्वालिफिकेशन में वे 14वें स्थान पर रहीं।

**शूटिंग:** विजयवीर सिद्धू 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन में 9वें स्थान पर रहे।



### अमेरिका ने 19 गोल्ड समेत 71 मेडल जीते, भारत 3 ब्रॉन्ज के साथ 57वें स्थान पर

ओलंपिक मैडल टैली में अमेरिका की टीम 19 गोल्ड, 26 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज मैडल जीतकर नंबर वन है। दूसरे नंबर पर चीन और तीसरे नंबर पर फ्रांस है। भारत 3 मेडल की साथ 57वें स्थान पर है। मनु भाकर ने विमेंस इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट, मनु और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीते। साथ ही स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में ब्रॉन्ज दिलाया।

### आज से मेडल जीतने मैट पर उतरेंगे भारतीय पहलवान

भारतीय रेसलर्स आज से अपने अभियान का आगाज करेंगे। निशा विमेंस फ्री स्टाइल की 68 कैटेगरी में राउंड ऑफ 32 मैच खेलेंगी। इस बार के ओलिंपिक गेम्स के लिए 7 रेसलर्स ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। इनमें से एक पुरुष और 6 महिलाएं शामिल हैं। भारत को रेसलर्स से कम से कम 3 मैडल की उम्मीदें हैं।

### टेबल टेनिस भारतीय टीम का मुकाबला रोमानिया से

भारतीय टेबल टेनिस टीम आज प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। भारतीय टीम का मुकाबला रोमानिया से होगा। इसमें दोनों टीम की खिलाड़ियों को अलग-अलग 5 मैच खेलने होंगे। इनमें से 3 जीतने वाली टीम विजेता होगा।

## इंडियन डिफेंडर अमित रोहिदास पर एक मैच का बैन, जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेलेंगे



इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआाईएच) ने भारत के डिफेंडर अमित रोहिदास पर एक मैच का बैन लगाया है। ऐसे में अमित का जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलना मुश्किल है। सेमीफाइनल मुकाबला 6 अगस्त को रात 10.30 बजे से खेला जाएगा। एफआाईएच ने एक बयान जारी कर कहा, अमित रोहिदास को एक मैच के लिए बैन किया गया है, हालांकि हॉकी इंडिया ने एफआाईएच के इस फैसले के खिलाफ अपील की है। अमित रोहिदास को ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच 17वें मिनट में को रफ टेकल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया था। इस मैच में अमित लगभग 17 मिनट खेले थे, लेकिन इस दौरान उन्होंने शानदार खेल दिखाया था। उन्होंने फर्स्ट रसर के तौर पर 2 पेनल्टी कॉर्नर का बचाव किया था। अमित भारतीय हॉकी टीम के इस समय सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके टीम में नहीं रहने से टीम का डिफेंड कमजोर हो सकता है। मैच का दूसरा क्वार्टर विवादों से भरा रहा। खेल के 17वें मिनट में भारतीय खिलाड़ी अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिला, यानी बाकी के 43 मिनट्स भारतीय टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। अमित की स्टिक ग्रेट ब्रिटेन के विल कैलनन के चेहरे पर लगी थी। ऐसे में जर्मनी के वीडियो अंपायर का मानना था कि अमित ने जानबूझकर ऐसा किया है। ग्राउंड अंपायर ने वीडियो अंपायर की सलाह पर अमित को रेड कार्ड दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ियों का मानना था कि ये जानबूझकर नहीं हुआ है। हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक्स 2024 में हॉकी के मैचों में अंपायरिंग पर सवाल खड़े किए हैं। हॉकी इंडिया की ओर से आपत्ति जताई गई है कि भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान कई खराब फैसले लिए गए, जिनका असर मुकाबले के नतीजे पर पड़ा।

## बाउट छोड़ने वाली एंजेला को 41 लाख रुपए देगा आइबीए

**पेरिस, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग एसोसिएशन (आइबीए) ने घोषणा करते हुए कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खलीफ के खिलाफ वेल्टरवेट राउंड ऑफ-16 मुकाबले से हटने वाली इटली की एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर यानि 41 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि देगा। कैरिनी ने जोरदार पंच पड़ने के बाद महज 46 सेकेंड में इमान के खिलाफ बाउट छोड़ दी थी। आइबीए ने कैरिनी का समर्थन और उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें यह पुरस्कार राशि देने का फैसला किया है। अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान ने जेंडर विवाद पीछे छोड़ते हुए 66 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में हंगरी की अना लुका को हराया और पदक पक्का कर लिया।

## सबालेंका अंतिम-4 में, बौजकोवा से होगी भिड़ंत

### वाशिंगटन ओपन टेनिस, सीधे सेटों में जीता मैच

**वाशिंगटन. एजेंसी**



बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वाशिंगटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 6-4 से हराया। अब अंतिम-4 में 26 वर्षीय सबालेंका का सामना चेक गणराज्य की मैरी बौजकोवा से होगा, जिन्होंने 19 वर्षीय अमरीकी खिलाड़ी रॉबिन मोंटगोमरी को 6-3, 6-1 से मात दी।

**रूस के आंद्रे रुबलेव हारकर बाहर:** वहीं पुरुष एकल में स्थानीय खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो ने शीर्ष वरीय रूस के आंद्रे रुबलेव को सीधे सेटो में 6-4, 7-6 से मात देकर अंतिम-4 में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में टियाफो के सामने चौथी वरीय अमरीकी खिलाड़ी सेबेस्टियन कोर्डा होंगे।

## निशानेबाज माहेश्वरी फाइनल की होड़ में, अनंतजीत हारे

**पेरिस. एजेंसी**



स्कीट भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के पहले दिन आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं जबकि अनंतजीत सिंह नरूका लगातार दूसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद पुरुष स्कीट स्पर्धा से बाहर हो गए। राजस्थान की माहेश्वरी 25-25 शॉट की तीन सीरीज में 23, 24 और 24 अंक से कुल 71 अंक बनाकर पहले दिन के क्वालीफिकेशन दौर के बाद आठवें पायदान पर हैं और शीर्ष छह निशानेबाजों के फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## तापसी की फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' की रिलीज से सामने आया रोमांचक वीडियो

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल स्टारर फिर आई हसीन दिलरुबा 9 अगस्त, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। मेकर्स ने ट्रेलर पहले ही रिलीज कर दिया है। इसके ट्रेलर को प्रशंसकों का जबर्दस्त रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। कुछ ही देर पहले तापसी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का एक और रोमांचक वीडियो साझा किया है, जिसने देखने के बाद प्रशंसकों की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है। तापसी पन्नू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक और रोमांचक वीडियो साझा किया है, जिसमें तीनों का खून से सना रोमांटिक अंदाज देखने को मिला। इसमें जिम्मी शेरगिल की भी झलक देखने को मिली। तापसी ने कैप्शन में लिखा, फिर आ रही है हसीना, जिसके कई हैं दीवाने, मगर दिलरुबा सिर्फ एक, फिर आई हसीन दिलरुबा, 9 अगस्त को आ रही है, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। तापसी की इस पोस्ट पर प्रशंसक लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, यह बेहतरीन फिल्मों में से एक है। एक और प्रशंसक ने लिखा, शानदार। तो वहीं एक और प्रशंसक ने लिखा, इंतजार रहेगा 9 अगस्त का। प्रेमी रानी और रिशु की उथल-पुथल भरी कहानी 9 अगस्त को शुरू होगी, जो दर्शकों को एक रोमांचक



यात्रा पर ले जाएगी। जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित, कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित और सह-निर्मित, इस फिल्म में तापसी पन्नू के अलावा विक्रांत मैसी, सनी कौशल और जिमी शेरगिल ने भी अहम भूमिका निभाई है। पहली फिल्म हसीन दिलरुबा की कहानी को आगे बढ़ाते हुए, रानी कश्यप और ऋषभ सक्सेना की कहानी को आगे बढ़ाया गया है, जो आगरा के जीवंत शहर में एक नई शुरुआत की तलाश में हैं। उनकी खोज सनी कौशल के किरदार अभिमन्यु के आगमन के साथ एक नाटकीय मोड़ लेती है, जो नाटक में साजिश की एक नई परत पेश करती है। प्रेमियों को जिमी शेरगिल और कई अन्य लोगों के साथ नए दुश्मन मिलते हैं जो उनकी हमेशा खुश रहने की योजना को बेकार करना चाहते हैं।

## एक्ट्रेस अहाना ने सोशल मीडिया को कलाकारों के लिया बताया अभिशाप

अभिनेत्री अहाना एस कुमरा ने हिंदी सिनेमा ने अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ टीवी शो 'युद्ध' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। वह 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का', द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर और सलाम वेंकी जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इसके बावजूद भी उन्हें लगता है कि आज उनके लिए काम पाना पहले की तुलना में कहीं ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि प्रभाव और नेटवर्किंग ही एकमात्र ऐसी चीज हैं, जिनके जरिए आपको काम मिल रहा है। अहाना ने कहा, बहुत से सितारे उलझन में हैं कि इससे कैसे निपटा जाए, क्योंकि हमें सोशल मीडिया पर आक्रामक रूप से सक्रिय रहने और पीआर एजेंसियों की मदद लेने के लिए कहा जा रहा है। अभिनेत्री ने कहा सोशल मीडिया अभिनेताओं के लिए वरदान से ज्यादा अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी, तो सोशल मीडिया पर खास तरह का दिखने और रील और डांस वीडियो करते रहने का इस तरह का दबाव नहीं था। आज बहुत सारी कास्टिंग सोशल मीडिया फॉलोअर्स के आधार पर हो रही है। उन्होंने कहा, आज के समय में काम पाना बहुत मुश्किल और बेहद दर्दनाक है।



## अभिनेता वरुण धवन की वजह से बने थे एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के एब्स



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और वरुण धवन ने फिल्म ढिशुम के गाने जानेमन आह पर एक साथ काम किया था। एक पुराने इंटरव्यू के दौरान परिणीति ने इस गाने में उनके एब्स को लेकर सिटाडेल- हनी बनी अभिनेता वरुण धवन को इसका श्रेय दिया था। परिणीति और वरुण की फिल्म ढिशूम का प्रमोशनल ट्रैक जानेमन आह सुपरहिट रहा था, जिसमें दोनों की शानदार केमिस्ट्री और जबरदस्त डांस मूव्स ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। इसके अलावा, अभिनेत्री के सिजलिंग फिगर और एब्स ने भी दर्शकों को काफी इंप्रेस किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस गाने में परिणीति ने अपने एब्स के लिए बेबी जॉन अभिनेता वरुण धवन को इसका पूरा क्रेडिट दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2016 में मुंबई में जानेमन आह गाने के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान, परिणीति चोपड़ा ने अपने सह-कलाकार वरुण धवन को अपने शानदार एब्स के लिए धन्यवाद दिया था। उन्होंने बताया कि उन्हें यह गाना ऑफर किया गया था, जिसके बाद से ही उन्होंने अपने फिगर पर काम करना शुरू कर दिया था। उस दौरान परिणीति ने कहा था, आज मेरे पास वरुण की वजह से एब्स हैं। मैं खुद पर काम कर रही थी। उन्होंने मुझे गाना ऑफर किया और मैंने झट से हामी भर दी। इस गाने को लेकर वरुण ने कहा था कि वे 90 के दशक के माहौल को फिर से बनाना चाहते थे। इस गाने को लेकर वरुण ने गोविंदा और करिश्मा कपूर को अपनी प्रेरणा बताया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाने के लॉन्च के दौरान, वरुण ने कहा था, गाने में उनका ऑनस्क्रीन किस स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था, और यह मेरा विचार था कि गाने के आखिर में उन्हें किस करना चाहिए। यही नहीं बल्कि सेट पर मौजूद किसी को भी इसकी जानकारी नहीं थी, यहां तक कि अहमद खान (कोरियोग्राफर) को भी नहीं। जब किस हुआ तो हर कोई इसको देखकर चौंक गया था।



**मेट्रो बाजार**

## रोजगार : असम में टाटा का सेमीकंडक्टर प्लांट बनना शुरू

### हर दिन 4.83 करोड़ चिप बनेंगी

**डिसपुर, एजेंसी**

टाटा ग्रुप ने असम में ?27,000 करोड़ की सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट फैसिलिटी का कंस्ट्रक्शन शुरू कर दिया है। इस सेमीकंडक्टर प्लांट में हर दिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का प्रोडक्शन होगा। इसके 2025 तक चालू होने की उम्मीद है। यहां बनने वाली चिप्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, कम्युनिकेशन और नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सेक्टर्स में होगा। 29 फरवरी, 2024 को केंद्रीय कैबिनेट ने इस प्रोजेक्ट को अप्रूवल दिया था। यह प्रोजेक्ट भारत के सेमीकंडक्टर मिशन का हिस्सा है। 27,000 नौकरियां मिलेंगी, 15,000 डायरेक्ट और 12,000 इनडायरेक्ट टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा- इस प्लांट से 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इसमें 15,000 डायरेक्ट और 12,000 इनडायरेक्ट नौकरियां होंगी। हमें उम्मीद है कि 2025 में हम इस प्रोजेक्ट को पूरा करने और जल्दी से ऑपरेशन शुरू करने में सक्षम होंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने असम के जगीरोड में सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमि पूजन किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने असम के जगीरोड में सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने तीन सेमीकंडक्टर फैसिलिटीज की आधारशिला रखी थी। इनमें से 2 गुजरात में और 1 असम में बन रहा है। टाटा ग्रुप इन तीन प्लांट में से दो को स्थापित कर रहा है। एक प्लांट गुजरात के धोलेरा में और एक असम के जगीरोड में बन रहा है। भारत सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर को प्रोत्साहन देने लिए पीएलआई कीम की भी घोषणा की थी। साल 2021 में भारतीय सेमीकंडक्टर मार्केट की वैल्यू 27.2 बिलियन डॉलर थी और सालाना 19 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ इसके 2026 तक 64 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद है।



## वॉरेन बफे ने एपल में अपनी आधी हिस्सेदारी बेची, कैश स्टॉक बढ़कर 23.20 लाख करोड़ हुआ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी अरबपति और निवेशक वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने आईफोन बनाने वाली एपल में अपनी करीब 50 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी है। इस बिकवाली के बाद वॉरेन बफे का कैश स्टॉक बढ़कर रिकॉर्ड 276.9 बिलियन डॉलर (करीब 23.20 लाख करोड़ रुपए) हो गया है। कंपनी ने कितने शेयर बेचे इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन, अनुमान के मुताबिक दूसरी तिमाही में एपल में बर्कशायर का निवेश 84.2 बिलियन डॉलर (करीब 7.05 लाख करोड़ रुपए) बचा है। पहली तिमाही के अंत में बफे के पास एपल के 135.4 बिलियन डॉलर (करीब 11.34 लाख करोड़ रुपए) के शेयर्स थे। बफे की कंपनी ने कई अन्य कंपनियों में भी अपनी शेयर होल्डिंग कम की है। दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी ने टोटल 75.5 बिलियन डॉलर (करीब 6.32 लाख करोड़ रुपए) वैल्यू के शेयर बेचे हैं। इससे उसकी ऑपरेटिंग कमाई पिछले साल के 10 बिलियन डॉलर (करीब 83,767 करोड़ रुपए) से बढ़कर 11.6 बिलियन डॉलर (करीब 97,170 करोड़ रुपए) रही। ओमाहा नेब्रास्का बेस्ड ग्रुप ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी। बर्कशायर की इस रिकॉर्ड बिकवाली पर कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह अमेरिका में मंदी आने की आशंका के चलते हो सकता है। कंपनी ने पिछली तिमाही में कई कंपनियों में हिस्सेदारी घटाने और अपना कैश भंडार बढ़ाने पर फोकस किया।

## गैस खुली छोड़ने से झुलसा युवक, इलाज के दौरान मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गेहूंखेड़ा में रिसती गैस के बीच तीली रगड़ते ही युवक आग से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उसे साला अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां दो दिन चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उसका शव अपने पैतृक गांव झांझरी, जिला हरदा ले गए। पुलिस के अनुसार राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत पिता जगदीश राजपूत (40) मूलतः गांव झांझरी, जिला हरदा का था। गेहूंखेड़ा में उसका साला लक्ष्मण किराए के कमरे में रहता है। करीब एक सप्ताह पहले ही राजू अपने साले के कमरे पर आकर रुका। वह मजदूरी कर रहा था। गत 31 जुलाई की रात करीब 11 बजे लक्ष्मण कमरे के बाहर खड़ा था, जबकि राजू ने कुछ बनाने के लिए गैस खोली और कपड़े धोने के लिए चला गया। कपड़े धोते समय वह केवल टावेल लपेटा हुआ था। कुछ देर बाद अंदर आया और उसने माचिस की तीली रगड़ दी। तीली रगड़ते ही रिसी हुई गैस में आग लग गई और राजू झुलस गया। केवल जिस जगह टावेल लगा था वह हिस्सा सुरक्षित था, बाकि शरीर झुलसा हुआ था। लक्ष्मण उसे कोलार के प्राथमिक अस्पताल ले गया, वहां से जेपी और फिर हमीदिया रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में शनिवार देर रात इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई।





## शिवलिंग अभिषेक

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बड़वाई स्थित विश्वकर्मा धाम मंदिर पर पांच दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विश्वकर्मा धाम मंदिर पर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया एवं अभिषेक किया गया ,बड़वई गांधीनगर लोक कल्याण समिति मध्य प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित इस पांच दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महा अभिषेक का यह दूसरा वर्ष है , श्रद्धालु कृष्णा विश्वकर्मा ने बताया, कि श्रावण के पावन मास में जो भगवान शिव का माह माना जाता है ,श्रद्धालुओं ने बड़े हर्ष उल्लास से 5 दिन तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक किया इसमें वरिष्ठ आचार्य जनों के निर्देशन में संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मृतक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

रातीबड़ पुलिस ने सड़क हादसे में मृत हुए एक युवक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक रातीबड़ में रहने वाला मनराज कौल (22) बीती 15 अप्रैल को सुबह करीब दस बजे बाइक से काम पर जा रहा था। सूरज नगर के पास उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, जहां से हमीदिया के लिए रैफर कर दिया था। इलाज के दौरान अगले दिन मनराज की हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मनराज के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज कर लिया है।

## चलती ट्रेन से गिरकर 14 साल के किशोर की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भद्भदा गांव में चलती ट्रेन से गिरे चौदह साल के किशोर की मौत हो गई। उसकी लाश रेलकर्मी की सूचना पर कल रविवार सुबह पुलिस ने भद्भदा रेलवे ट्रैक से बरामद की है। उसके पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे के आसपास पाइंट्समैन अक्षय श्रीवास्तव ने सूचना दी थी कि भद्भदा रेलवे ट्रैक पर किसी किशोर का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है।

### चलती ट्रेनों में नहीं थम रहीं चोरी की वारदातें

# यात्रियों के मोबाइल और बैग समेत हजारों का सामान चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में सामान चोरी होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सफर के दौरान चार यात्रियों के मोबाइल बैग समेत हजारों का सामान चोरी हो गया। जीआरपी ने सभी मामलों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नर्मदा एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार आकाश गुप्ता भोपाल से अनूपपुर की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के भोपाल स्टेशन से रवाना होने के बाद उन्होंने देखा तो पेंट की जेब में रखा मोबाइल चोरी गया था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार अभिषेक साहू अपने भाई को ट्रेन में बिठाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। भाई को बिठाने के बाद उन्होंने देखा तो पैंट की जेब में रखा मोबाइल गायब हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपए बताई गई है। इधर बिहार निवासी महेंद्र मंडल नर्मदा एक्सप्रेस के जनरल कोच में इटारसी से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना पिट्ठू बैग सीट के पास टांग दिया था। भोपाल स्टेशन आने पर देखा तो बैग गायब हो



चुका था। बैग के अंदर 14 हजार रुपए कीमत का मोबाइल और 7 हजार रुपए नकदी समेत अन्य सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार इंदौर निवासी कृतिका तिवारी जनरल कोच में उज्जैन से भोपाल की यात्रा कर रही थी। भोपाल स्टेशन आने पर उन्होंने अपना बैग सीट पर रख दिया और बच्चे को बाथरूम कराने चली गई। लौटकर देखा तो बैग चोरी हो चुका था। बैग में कपड़े, मोबाइल फोन, दस्तावेज और नकदी समेत अन्य सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## आधा दर्जन दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शहर में दोपहिया वाहनों की चोरी का सिलसिला जारी है. पिछले चौबीस घंटों के भीतर अलग-अलग स्थानों से बदमाश आधा दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शाहपुरा स्थित अपोलो सेज अस्पताल बावडिय़ा कला से राकेश चौहान, दानिश नगर जाटखेड़ी मिसरोद से हरभजन सिंह, छावनी मंगलवारा से सलमान खान, मनुआभान की टेकरी कोहेफिजा से अभिषेक रजक, शांति नगर करोंद निशातपुरा से मनीषा मीना, धोबीघाट बैरागढ़ से राजकुमार चौरसिया और बैरसिया स्थित बैंक आफ इंडिया के सामने खड़ी रणवीर सिंह यादव की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## मोबाइल दुकान से हजारों का सामान चोरी



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

जहांगीराबाद स्थित एक मोबाइल दुकान से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए. पुलिस के मुताबिक फरियादी सादाब खान की बरखेड़ी स्थित रशीदिया स्कूल के पास मोबाइल की दुकान है। पिछले दिनों अज्ञात आरोपी खुली दुकान से मोबाइल के चार्जर, कवर, डाटा केबिल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए. चोरी गए सामान की कुल कीमत का खुलासा नहीं हो सका है। इसी प्रकार सुभाष फाटक के पास स्थित मेट्रो स्टेशन से चोर मेट्रो परियोजना में उपयोग होने वाला सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने विपिन कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार मित्तल कालेज के पास से चोर कम्प्यूटर का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने पार्थ की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**एमपीनगर एसडीएम ने कोचिंग संचालकों के साथ बैठक ली**

भोपाल, दोपहर मेट्रो। एमपीनगर एसडीएम आशुतोष शर्मा ने कोचिंग संचालकों के साथ बैठक ली और उन्हें एजेंडे के तहत नियम बताए। साथ ही नियमों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। दिल्ली में हुए हादसे के बाद भोपाल में भी प्रशासन कोचिंग संस्थाओं पर नकेल कस रहा है।

## युवती से गैंगरेप: प्रेमी ने घर बुलाया और दोस्त से भी बनवाए शारीरिक संबंध

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित गरम गड्ढा इलाके में 27 साल की युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ सामुहिक बलात्कार समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 27 साल की युवती अपने पति से अलग रहती है और एक होटल में काम करती है। उसी होटल में रिषी कुशवाह भी काम करता है। साथ काम करने के कारण दोनों में दोस्ती हो गई। इस बीच रिषी को पता चला कि युवती की पति से अनबन चल रही है तो आरोपी ने युवती की मदद करनी शुरू कर दी। युवती ने बताया कि शनिवार रात रिषी ने उसे मिलने के बुलाया था और अपने घर ले जाकर पानी पिलाया। पानी पीते ही वह बेसुध हो गई। इस दौरान आरोपी रिषी ने और उसके साथी ने उससे दुष्कर्म किया। रविवार सुबह नींद खुलने पर उसने आरोपियों का विरोध किया और घर पहुंचकर मां को घटना की जानकारी दी थी। मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

## पांच साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ओम नगर झुग्गी में पांच साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उल्टी दस्त के साथ घबराहट होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दीपक केवट ओम नगर झुग्गी में रहते हैं। उनकी पांच साल की बेटी रचना केवट थी। दीपक ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात रचना की तबीयत बिगड़ गई। उसे उल्टी-दस्त हो रहे थे। उल्टी-दस्त के साथ उसे घबराहट होने लगी तो परिजन अस्पताल पहुंचे, वहां कुछ ही देर बाद रचना की मौत हो गई।



**मेट्रो एंकर** पचमढ़ी में पुलिस परिवार कल्याण केंद्र धृति का शुभारंभ

# पुलिसकर्मियों के परिवार की महिलाओं की क्षमता को मिला प्रोत्साहन

भोपाल/पचमढ़ी, दोपहर मेट्रो।


मध्यप्रदेश पुलिस परिवार कल्याण केंद्र के प्रथम आउटलेट धृति का पचमढ़ी की पुलिस प्रशिक्षण शाला में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस ऑफिसर्स वाइफ्स एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रियंवदा सक्सेना ने बतौर मुख्य अतिथि धृति कल्याण केंद्र का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय ने बताया गया कि धृति कल्याण केंद्र में पीटीएस पचमढ़ी व मध्य प्रदेश पुलिस की अन्य इकाइयों में पदस्थ पुलिसकर्मियों के परिवारों की महिलाओं द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट सामग्री विक्रय के लिए उपलब्ध होगी। धृति कल्याण केंद्र के शुभारंभ के पश्चात समस्त अतिथियों ने पीटीएस परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही पीटीएस परिवार की महिलाओं व रेनबो किड्स क्लब के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुतियां दी। पुलिसकर्मियों के बच्चों को निःशुल्क तकनीकी शिक्षा व करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से अतिथियों ने पुलिस प्रशिक्षण शाला परिसर में दिशा लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया। धृति पुलिस परिवार केन्द्र योजना, मध्य प्रदेश पुलिस कल्याण की एक विशेष पहल है, जिसके अंतर्गत पुलिसकर्मियों के परिवारों की महिला सदस्यों को अपनी क्षमताओं के विकास तथा सृजनशीलता को मूर्त रूप देने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इन महिलाओं को पुलिस कल्याण योजनाओं के अंतर्गत कलात्मक वस्तुओं के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उन्हें हस्तशिल्प निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप वस्तुएं व सामग्री भी प्रदान की जाती हैं।

### हस्तनिर्मित वस्तुओं को मिली प्रसंशा

प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात इनके द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं के विक्रय के लिए विभिन्न प्रदर्शनियों व विक्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाती हैं। महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना हुई जाग्रत मध्यप्रदेश पुलिस वाइफ्स




एसोसिएशन के विशेष प्रयासों से धृति कल्याण केन्द्र की सामग्रियां भोपाल के गौहर मेले के प्रदर्शनी स्थल, दिल्ली के मोती बाग के दीपोत्सव मेले, खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय नृत्य व कला महोत्सव तथा इंदौर के कलास्तंभ मेलों में विक्रय की जा चुकी है। सभी स्थानों पर पुलिसकर्मियों की महिला परिजनों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं को व्यापक प्रशंसा मिली। इस योजना से पुलिसकर्मियों के परिवारों की महिलाओं में स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मविश्वास की भावना जाग्रत हुई है। साथ ही उन्हें अतिरिक्त आय भी अर्जित करने का अवसर मिल रहा है। इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में प्रशिक्षण शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल से एडीजी ट्रेनिंग सोनाली मिश्रा, एडीजी वेलफेयर पुलिस मुख्यालय अनिल कुमार की धर्मपत्नी अनुपमा एवं नर्मदापुरम के एसपी डॉ. गुरकरन सिंह की धर्मपत्नी गगनदीप कौर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशिक्षण शाला, पचमढ़ी का समस्त पुलिस स्टाफ, उनके परिवारजन व रेनबो किड्स क्लब के बच्चे उपस्थित रहे।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022